RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
4th Year Anniversary
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS
VOL: 11 | ISSUE 12 | FRIDAY 23-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

**गुस्ताखी माफ**

दो दिन में ही गैंगस्टर, पकड़े तीन हजार।
यानी इनको था पता, कौन कहां है यार।
कौन कहां है यार, पता था इनको सारा।
वहीं-वहीं पर तभी, लपक कर छापा मारा।
कह साहिल कविराय, पता था पता-ठिकाना।
जाकर लाये पकड़, किया बस आना-जाना।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



10th EDITION
गमसा एक्सपो 2026
GMMSA EXPO INDIA
6-7-8-9 FEBRUARY, 2026
DANA MANDI, BAHADUR KE ROAD,
NR. JALANDHAR BYE PASS LUDHIANA (PUNJAB), INDIA
Organised By:
GARMENTS MACHINERY MANUFACTURERS & SUPPLIERS ASSOCIATION (REGD.) EXPO
M: 99885-18082, 98158-23182, Email: gmmsaindia@gmail.com

# बाबू जी जरा संभलना, बड़े धोखे हैं इस पीडब्ल्यूडी में

लुधियाना/यूटर्न/22 जनवरी। आज कल कुछ कंस्ट्रक्शन कंपनियों में टेंडर लेने की इतनी होड़ मच चुकी है कि वह अब किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हो चुके है। टेंडर लेने के लिए वह लीगल और इललीगल हर रास्ता अपनाने के लिए तैयार है। गलत दस्तावेज दिखाकर पंजाब सरकार से ठगी करते हे अवैध तरीके से टेंडर लेने के इस प्रयास में सिर्फ कंपनियां ही नहीं बल्कि सरकारी अधिकारी भी जमकर साथ दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला लुधियाना के पीडब्ल्यूडी विभाग से जुड़ा हुआ सामने आया है।

आरोप है कि कंस्ट्रक्शन फर्म जे.बी. एंड कंपनी के ठेकेदार द्वारा एक नाम से दो फर्में चलाकर उनके गलत दस्तावेज दिखाकर पीडब्ल्यूडी का सड़कें बनाने का 12.83 करोड़ रुपए का टेंडर लेने का प्रयास किया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि कंपनी ने तो गलत दस्तावेज पेश किए ही, लेकिन अधिकारियों ने भी उसे बिना चैक किए बीड में शामिल कर लिया।

इस संबंध में हितेश अग्रवाल कांट्रेक्टर कंपनी के प्रोपराइटर हितेश अग्रवाल की और से शिकायत की गई है। यह शिकायत सेक्रेटरी पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) पंजाब, चीफ इंजीनियर पंजाब, सुपरीटेडेंट इंजीनियर, कार्यकारी इंजीनियर, कार्यकारी इंजीनियर कंस्ट्रक्शन डिवीजन-1 को सबूतों समेत भेजी गई है। हैरानी की बात तो यह है कि इस मामले में अभी तक अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।







## पीडब्ल्यूडी में पेश किए जाली दस्तावेज

शिकायतकर्ता के अनुसार पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा हल्का साहनेवाल में 8-10 सड़कें बनाने का 12.83 करोड़ का टेंडर लगाया है। जिसमें जे.बी. एंड कंपनी द्वारा भी बीड की गई। हालांकि उक्त कंपनी के ठेकेदार की और से उसी टेंडर के लिए एक्सपीरियंस, टर्नओवर, मशीनरी और तकनीकी स्टॉफ के लिए जे.बी. एंड कंपनी को पार्टनरशिप में दिखा उसके दस्तावेज लगाए हैं। जबकि उसी टेंडर में बैंक डिटेल, पंजाब जीएसटी नंबर, एनलिस्टमेंट और केवाईसी दस्तावेज जे.बी. एंड कंपनी को प्रोपराइटरशिप में दिखाकर लगाए गए हैं। जबकि पीडब्ल्यूडी विभाग के नियमों के मुताबिक एनलिस्टमेंट में एक ही नाम से दो फर्में रजिस्टर्ड नहीं हो सकती। लेकिन यहां पर तो बीड लगाकर टेंडर तक अलॉट किए जा रहे हैं।

## पहले टेंडर हुआ था रद्द

शिकायतकर्ता का आरोप है कि पहले जे.बी. एंड कंपनी ने पीडब्ल्यूडी के इसी सड़कों का टेंडर लिया था। लेकिन फर्म के पास पीपीसीबी की एनओसी नहीं थी। जिसके चलते टेंडर रद्द हो गया था। फिर अब रिवॉक टेंडर लगाया गया है। जिसे कुछ अधिकारियों द्वारा मिलीभगत करके जबरन उसी कंपनी को देने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप है कि जे.बी. एंड कंपनी को उसके ठेकेदार द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग में क्लास-1 एनलिस्टमेंट करा रखा है।

**2019 में पार्टनरशिप डीड की तैयार...** शिकायतकर्ता हितेश अग्रवाल ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि जे.बी. एंड कंपनी के मालिक द्वारा एक नाम से दो फर्में चलाई जा रह है। उक्त मालिक ठेकेदार की और से 2012 में कंपनी चलाई जा रही है। जिसमें पहले नगर निगम से टेंडर लिए जाते थे। तब फर्म मालिक ने खुद को प्रोपराइटर दिखाते हुए इंडिविजुअल फर्म बताई थी। लेकिन 2019 में उसने फर्म की प्रोपराइटरशिप खत्म करते हुए पार्टनरशिप में तबदील कर दिया। पार्टनरशिप डीड में तीन लोग दिखाए गए।

## टेंडर के मुताबिक फर्म के दस्तावेज कर रहे इस्तेमाल

हितेश अग्रवाल का आरोप है कि 2019 में बेशक जे.बी. एंड कंपनी फर्म पार्टनरशिप में तबदील हो गई। लेकिन 2019 से लेकर आज तक फर्म के पहले मालिक द्वारा नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग में टेंडर लेने के लिए जरुरत के मुताबिक फर्म के दस्तावेज पेश कर दिए जाते हैं। उसकी और से शर्त मुताबिक कभी फर्म को प्रोपराइटरशिप तो कभी पार्टनरशिप में दिखाकर करोड़ों के सड़कें बनाने के टेंडर लिए जा रहे हैं। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि न तो आज तक निगम अधिकारियों ने दस्तावेज चैक किए और न ही पीडब्ल्यूडी विभाग ने देखें। वह आखें बंद कर धड़ल्ले से टेंडर दे रहे हैं। चचार्एं हैं कि अफसरों की भी इसमें मिलीभगत होने के चलते रोक टोक नहीं लगती।

## नगर निगम में भी घपले कर लिए टेंडर

यहीं नहीं उक्त जे.बी. एंड कंपनी के ठेकेदार द्वारा पीडब्ल्यूडी के अलावा नगर निगम में भी ऐसे घोटाले करके टेंडर लिए हैं। 2019 से अब तक यह घोटाला का दौर जारी है। हितेश अग्रवाल का आरोप है कि उक्त कंपनी के ठेकेदार ने निगम में भी फर्म कभी पार्टनरशिप तो कभी प्रोपराइटरशिप में दिखाकर टेंडर लिए है। ठेकेदार ने जब फर्म पार्टनरशिप में तबदील कर दी तो उसके बाद भी प्रोपराइटरशिप का जीएसटी नंबर और पैन कार्ड सरेंडर नहीं किया। जबकि उन्हीं दस्तावेजों का इस्तेमाल कर गलत तरीके से अधिकारियों के साथ मिलकर टेंडर लिए जा रहे हैं।

## पंजाब सरकार को भी लगाया करोड़ों का चूना

हितेश अग्रवाल का आरोप है कि उक्त फर्म के ठेकेदार ने पंजाब सरकार को भी करोड़ों का जीएसटी का चूना लगाया है। ठेकेदार की और से हरियाणा में 56 करोड़ का एनएचएआई का टेंडर लिया। जिसमें जीएसटी नंबर हरियाणा का लगाया और हेड ऑफिस का एड्रेस लुधियाना का दिया। जबकि जीएसटी एक्ट के मुताबिक जहां पर हेड ऑफिस हो, वहीं का जीएसटी नंबर लेना होता है। मगर जे.बी. एंड कंपनी ने हरियाणा का जीएसटी नंबर पर टेंडर लेकर काम किया। हेड ऑफिस, बैंकिंग और हर चीज पंजाब की इस्तेमाल की और बाद में जब 56 करोड़ का 9 प्रतिशत जीएसटी करीब सवा 4 करोड़ रुपए बना, वह हरियाणा सरकार को दे दिया। यानि कि नाम पंजाब का इस्तेमाल हुआ और फायदा हरियाणा को दिया।

## पीडब्ल्यूडी के कई अफसर टेंडर दिलाने में जुटे

वहीं चर्चा है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के कई पंजाब लेवल के अधिकारी जे.बी. एंड कंपनी के ठेकेदार को उक्त 12.83 करोड़ का टेंडर दिलाने में जुटे हैं। चर्चा है कि इस टेंडर में उक्त अधिकारियों को भी अच्छा खासा मुनाफा होने वाला है, जिसके चलते उन्होंने अपना पूरा जोर उक्त कंपनी को फायदा पहुंचाने में लगा रखा है। लेकिन अब देखना होगा कि पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर मामले में कोई एक्शन लेते है या नहीं। हालांकि मामले संबंधी पीडब्ल्यूडी विभाग के चीफ इंजीनियर गगनदीप को कॉल किया गया। लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।




# सोने और चांदी के ईटीएफ की कीमतें फिजिकल मार्केट की कीमतों से ज्यादा क्यों गिरीं, क्या निवेशकों को चिंता करनी चाहिए?

चंडीगढ़/यूटर्न/22 जनवरी। एनएसई पर सोने और चांदी के एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) को 22 जनवरी, 2026 को भारी नुकसान हुआ, जिससे कीमतें हर तरफ गिरीं और मौजूदा निवेशकों में चिंता पैदा हो गई। सोने के ईटीएफ में सबसे बड़ी गिरावट इरछ गोल्ड ईटीएफ में देखी गई, जो 9.53 प्रतिशत गिरा, इसके बाद टाटा गोल्ड ईटीएफ 8.54 प्रतिशत और एक्सिस गोल्ड ईटीएफ 8.47 प्रतिशत गिरा। चांदी के फंड में भी काफी गिरावट आई, टाटा सिल्वर ईटीएफ 13.6 प्रतिशत, सिल्वर प्राइस ईटीएफ 11.18 प्रतिशत, एडलवाइस सिल्वर ईटीएफ 9.62 प्रतिशत और मिराए एसेट सिल्वर ईटीएफ 9.39 प्रतिशत गिरा, जो कीमती धातुओं के निवेश में बड़े पैमाने पर बिकवाली का संकेत देता है।



## फ्यूचर्स मार्केट में गिरावट ईटीएफ से कम

यह भी ध्यान देने वाली बात है कि फ्यूचर्स मार्केट में गिरावट ईटीएफ की तुलना में बहुत कम थी। टउ पर, फरवरी के लिए सोने का वायदा 0.77 प्रतिशत नीचे था, जबकि मार्च के लिए चांदी का वायदा 1.2 प्रतिशत फिसल गया। आज दोपहर 3 :00 बजे के आसपास सोने की शुरूआती कीमत 1,51,557 रुपये थी, जबकि चांदी की कीमत 319,843 रुपये थी।

## वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव में कमी के कारण हुआ

अमर रानू, हेड इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स एंड इनसाइट्स, आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड ने कहा, सोने और चांदी के ईटीएफ में आज काफी गिरावट देखी गई, जो 20 प्रतिशत तक थी, जिससे ईटीएफ की कीमत घरेलू फिजिकल और अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमतों के लगभग बराबर हो गई। (इसकी तुलना में चांदी की टउ कीमतें 3 प्रतिशत झ 4 प्रतिशत गिरी हैं)। यह वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव में कुछ कमी के कारण हुआ है, जिसे निवेशकों द्वारा मुनाफा बुक करने और अस्थिर धातुओं से दूर रहने से और बढ़ा दिया गया है।

## ईटीएफ फिजिकल सोने-चांदी के मालिक बराबर नहीं

निवेशकों को यह समझना चाहिए कि ईटीएफ फिजिकल सोने या चांदी के मालिक होने के बराबर नहीं हैं। वे स्थिर बाजारों में बारीकी से ट्रैक करते हैं लेकिन अस्थिर समय के दौरान काफी आगे निकल सकते हैं। अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि आज सोने और चांदी के ईटीएफ में गिरावट शॉर्ट-टर्म मार्केट की अस्थिरता का संकेत है, न कि स्थायी रूप से मूल्य में कमी का। आमतौर पर, बड़ी तेजी के बाद, ऐसी भविष्यवाणियां होती हैं जिनके आधार पर ग्लोबल सेंटीमेंट बदलता है, और इससे अक्सर कीमतों में तेजी से गिरावट आती है।

## यह उतार चढ़ाव आम

इस तरह के उतार-चढ़ाव कमोडिटी से जुड़े इन्वेस्टमेंट में बहुत आम हैं, जहाँ कीमतें इकोनॉमिक संकेतों और तेजी से बदलते इन्वेस्टर के इमोशंस के प्रति बहुत सेंसिटिव होती हैं। जब इन्वेस्टर बेचने की होड़ में लग जाते हैं, तो ईटीएफ की कीमतें ज्यादा तेजी से गिर सकती हैं, भले ही फ्यूचर्स मार्केट में असली सोने और चांदी की कीमतों में सिर्फ.थोड़ा ही बदलाव हो।

# केंद्र सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 10,000 किलोमीटर से अधिक की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी

नई दिल्ली, 22 जनवरी । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-क्ह्य के तहत केंद्र सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 10,000 किलोमीटर से अधिक की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी। यह जानकारी ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से गुरुवार को दी गई। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया कि इससे अलग-थलग पड़े लगभग 3,270 बस्तियों को कनेक्टिविटी और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच प्राप्त होगी।

# पंजाब कांग्रेस में हाईकमान का 'फाइनल फैसला': राजा वडिंग ही रहेंगे प्रधान, चन्नी-आशु खेमे की रणनीति ध्वस्त

## के.सी. वेणुगोपाल का सख्त संदेश – संगठन में कोई बदलाव नहीं, मीडिया बयानबाजी पर जीरो टॉलरेंस, राजनितिक चर्चा : नहाती धोती रह गई ते मुँह ते मखी बै गई

चंडीगढ़, यूटर्न, 22 जनवरी। पंजाब कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर मची हलचल पर कांग्रेस हाईकमान ने करारा ब्रेक लगा दिया है। लंबे समय से चल रही अटकलों को खारिज करते हुए पार्टी ने साफ कर दिया है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग को हटाने का कोई एजेंडा नहीं है। पंजाब कांग्रेस की कमान अब भी और आगे भी राजा वडिंग के हाथों में ही रहेगी।

कांग्रेस संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने पंजाब के तमाम दिग्गज नेताओं के साथ बैठक में दो टूक शब्दों में कहा कि प्रदेश संगठन में किसी भी तरह का फेरबदल फिलहाल एजेंडे में नहीं है। उन्होंने साफ कर दिया कि हाईकमान किसी दबाव, लॉबिंग या गुटबाजी के आगे झुकने वाला नहीं है।

वेणुगोपाल ने नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि अब से सोशल मीडिया और टीवी स्टूडियो नहीं, पार्टी मंच पर ही राजनीति होगी। जो भी नेता सार्वजनिक बयानबाजी करेगा, उसे अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा।

उन्होंने सख्त लहजे में कहा, 'पार्टी की छवि से खेलने वालों के लिए कांग्रेस में जगह नहीं होगी।'







## नहाती धोती रह गई ते मुँह ते मखी बै गई

कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के इस बयान के आते ही पंजाब कांग्रेस में राजा वड़िंग के विरोधी गुट पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी, परगट सिंह सहित पूर्व मंत्री आशु खेमें को बड़ा झटका लगा । चन्नी से लेकर आशु खेमें के लोगों के चेहरे धरे के धरे रह गए। चचाओं की माने तो चन्नी और आशु गुट ने तो राजा वड़िंग के बदलने की घोषणा के साथ ही आंतरिक तौर पर आपसी गोटियां तक फिट कर ली थी। यहां तक की किस को क्या क्या पोस्ट दी जानी है उसकी डील की बाजार में चचाएं गर्म है । ऐसे में हाईकमान द्वारा राजा के ना बदले जाने के फैंसले से राजनितिक गलियारे में लोग चुटकी लेते हुए तंज कस्ते नजर आए नहाती धोती रह गई ते मुँह ते मखी बै गई। सूत्र बताते हैं कि कुछ गुट पहले ही संभावित बदलाव को लेकर पदों और रणनीति की रूपरेखा तैयार कर चुके थे, लेकिन हाईकमान के फैसले ने उन सभी राजनीतिक गणनाओं को एक झटके में बेकार कर दिया। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि हाईकमान का यह कदम सिर्फ नाम बचाने का नहीं बल्कि पंजाब कांग्रेस में अनुशासन, एकजुटता और आक्रामक संगठन निर्माण की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी अब अंदरूनी खींचतान छोड़कर सीधे मैदान की लड़ाई पर फोकस चाहती है।

हाईकमान का संदेश साफ है —

या तो लाइन में रहो, या लाइन से बाहर हो जाओ।

इस फैसले के साथ ही पंजाब कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही चचाओं पर न सिर्फ ब्रेक लगा है, बल्कि संगठन के भीतर शक्ति संतुलन भी खुलकर सामने आ गया है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

03 शुक्रवार, 23 जनवरी 2026



पेज 06 श्री राधा कृष्ण का स्थापना दिवस मनाया, पुजारी...

# भाई वाह ! ADC साहिब आप लेते रह गए एक्शन और बिल्डिंग मालिक ने 5 मंजिल बिल्डिंग तैयार कर डाला बड़ा कांड !

## चांद सिनेमा रोड पर डेढ़ मंजिल पास करवा इललीगल बिल्डिंग बनाने का मामला

लुधियाना/यूटर्न/22 जनवरी। नगर निगम जोन-ए के अधीन आते फतेहगढ़ मोहल्ला के चांद सिनेमा रोड पर मौजूद मरवाहा मैन्स वेयर शोरुम के मालिक सिमरन द्वारा बिल्डिंग बायलॉज की प्रवाह किए बिना अवैध तरीके से एक के बाद एक कुल चार मंजिलें बना डाली गई। नगर निगम के पूर्व कमिश्नर आदित्य डेचलवाल और मौजूदा एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह खैरा इस मामले में चार महीने से कार्रवाई करने के बयान देते रहे।

संबंधित अधिकारियों को नोटिस भी जारी किए और तुरंत निर्माण रुकवाने के दावे भी किए। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि न तो निर्माण रुका और न ही कार्रवाई हुई। हालांकि अधिकारियों के इस बयान के बाद निर्माण कार्य और तेजी से होने लगा। जिसके नतीजे में अब शोरुम मालिक द्वारा पांचवीं मंजिल का निर्माण भी शुरू कर दिया गया है। चचाएं हैं कि कार्रवाई करने के दावे करने वाले निगम विभाग के ही अफसरों की छत्रछाया में यह निर्माण हो रहा है। जिसके चलते अधिकारी सिर्फ दिखावे के लिए एक्शन लेने के बयान दे रहे हैं। असलियत में तो उनकी तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।




शोरुम के ऊपर बन रही पांचवीं मंजिल



एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह खैरा

### पांचवीं मंजिल का कार्य जारी, चौथी पर कमरा भी बनाया

वहीं बता दें कि व्यापारी सिमरन द्वारा पांचवीं मंजिल का निर्माण कार्य तो किया ही जा रहा है, जबकि चौथी मंजिल पर एक कमरा भी बना लिया गया है। शहरवासियों को यह जानकार हैरानी होगी कि इस निर्माण कार्य को अधिकारियों द्वारा एक्शन लेने के बयान देने के दौरान अंजाम दिया गया है।

### ए.सी. व एटीपी रोकते रह गए, व्यापारी निर्माण करता रहा

वहीं एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह खैरा और जोन-ए के एटीपी गुरविंदर पाल सिंह लक्की द्वारा इस मामले में एक्शन लिया जाना है। लेकिन जब भी उन्हें मामले में कार्रवाई की बात कही जाती हैं, तो उनकी और से निर्माण कार्य अभी रुकवाने और एक्शन लेने के दावे किए जाते हैं। लेकिन एक तरफ ए.सी. और एटीपी रोकते रह गए, लेकिन दूसरी तरफ व्यापारी चार मंजिलें बनाकर पांचवीं का भी काम करवाने लग गया।



### निगम का फॉमूर्ला, अवैध निर्माण करो, पैसे जमा करवा लीगल कर देगें

चर्चा है कि निगम के अफसर अब उक्त बिल्डिंग को लीगल करने में जुटे हैं। जिसके लिए निगम अफसर अपना पुराना फॉमूर्ला इस्तेमाल कर रहे है। जिसमें जितना मर्जी अवैध निर्माण करो, बाद में पैसा जमा करवाओ और बिल्डिंग लीगल करवा लो। लेकिन निगम अधिकारी यह भुल गए कि निगम के कानून के मुताबिक इललीगल बिल्डिंग कभी लीगल नहीं होती। कमर्शियल इमारत के लिए सड़क 60 फीट से ऊपर चौड़ी चाहिए और कमर्शियल बिल्डिंग डेढ़ मंजिला पास होती है। आज बेशक निगम अफसर व राजनेता उक्त बिल्डिंग की फीसें जमा करवा उसे लीगल बता रहे हैं। लेकिन कल को सरकार एक्शन लेगी तो सबसे पहले यहीं इमारतें गिराई जाएगी।

**26 सितंबर को हुआ था तीसरी मंजिल का काम शुरू...**कपड़ा व्यापारी ने मरवाहा मैन्स वेयर की कमर्शियल डेढ़ मंजिल पास करवाई थी। फिर 26 सितंबर 2025 को व्यापारी ने पहले दूसरी मंजिल और फिर तीसरी मंजिल का लैंटर डाला। इस संबंधी कमिश्नर आदित्य डेचलवाल को शिकायत हुई तो उन्होंने एटीपी गुरविंदरपाल लक्की को कार्रवाई के लिए कहा। उन्होंने एक्शन लेने की जगह मालिक को वार्निंग देकर छोड़ा। फिर एडिशनल कमिश्नर परमदीप खैरा ने एटीपी लक्की को सस्पेंड कर चार्ज वापिस लिया। फिर चार्ज एटीपी जगदीप सिंह को दिया। छह नवंबर से 17 नवंबर तक अधिकारी और एटीपी जल्द दुकान सील की बात करते रहे। लेकिन सीलिंग नहीं हुई। फिर 9 जनवरी को दोबारा ए.सी. खैरा ने एक्शन की बात कही। मगर 13 दिन बाद भी एक्शन नहीं हुआ।

### क्या नवनियुक्त कमिश्नर द्वारा लिया जाएगा एक्शन

वहीं पूर्व कमिश्नर आदित्य डेचलवाल द्वारा तो इस मामले में कार्रवाई न करने पर खुद ही एटीपी लक्की को सस्पेंड करने और कुछ दिन बाद खुद ही बहाल करने के काम किए गए। लेकिन अब उनका तबादला हो चुका है। अब आईएएस नीरू कत्याल को निगम कमिश्नर का चार्ज मिला है। देखना होगा कि क्या नवनियुक्त कमिश्नर द्वारा इस मामले में एक्शन लिया जाएगा या नहीं। क्या उन्हें भी व्यापारी को छत्रछाया देने वाले अधिकारियों द्वारा गुमराह किया जाएगा।



### चर्चा, राजनीतिक दबाव ने अफसरों के बांधें हाथ

वहीं चर्चा है कि इस मामले में अफसरों की मिलीभगत तो है ही, जबकि सबसे बड़ा कारण राजनीतिक दबाव है। जिस कारण अफसर कार्रवाई नहीं कर पा रहे। चर्चा है कि एक राजनेता द्वारा कपड़ा व्यापारी को स्पोर्ट की जा रही है। जिसके चलते अधिकारी चाहकर अपनी कुर्सी बचाने को बिल्डिंग सील नहीं कर पा रहे। हालांकि अधिकारी खुद इस बात को खुलेआम नहीं बोल रहे, लेकिन निगम के कुछ कर्मी दबी जुबान से पॉलीटिक्ल प्रेशर होने की बात कह रहे हैं। लेकिन उक्त हल्के के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा द्वारा भी मामले में कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। अब यह चचाएं छिड़ गई है कि आखिर ऐसा कौन सा बाहुबली राजनेता है, जिसकी एक कॉल से चार महीने बाद भी अधिकारी कार्रवाई नहीं कर पाए।

# गलत दिशा से आ रही बाइक ने एक्टिवा को मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल



जीरकपुर, यूटर्न, 22 जनवरी। जीरकपुर के पटियाला चौक के पास शुक्रवार शाम करीब 8:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही मोटरसाइकिल ने एक्टिवा सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार एक्टिवा सवार युवक पटियाला चौक से डेराबस्सी की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से, यानी गलत दिशा में, तेज गति से आ रहे इंस्टामार्ट के डिलीवरी बॉय ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दी। आमने-सामने हुई इस भीषण टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। टक्कर लगते ही एक्टिवा सवार युवक सड़क पर गिर पड़ा और बेहोश हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक के शरीर से काफी खून बह रहा था। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल युवक को डेराबस्सी के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए पटियाला चौक पर यातायात भी प्रभावित रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पटियाला चौक पर अक्सर गलत दिशा में वाहन चलाने और तेज रफ्तार के मामले सामने आते रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद लापरवाह चालक बाज नहीं आ रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि ऐसे स्थानों पर पुलिस की सख्त निगरानी और कार्रवाई जरूरी है, ताकि हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

# जख्मी करने के आरोप में एक दर्जन के करीब लोगों पर मामला दर्ज

डेराबस्सी, यूटर्न, 22 जनवरी। नजदीकी गांव खेड़ी गुज्जरां में घर में घुसकर हमला कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एक दर्जन के करीब लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में गांव खेड़ी गुज्जरां निवासी हरदीप कुमार पुत्र राम करन ने बताया कि वह दूध सप्लाई का काम करता है। 20 जनवरी को वह अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के ही मनीष कुमार और गुरमीत सिंह उसके घर आए। गेट खुलते ही दोनों घर के अंदर दाखिल हो गए और हरदीप को बाहर बुलाने लगे।

हरदीप और उसका चाचा का लड़का गुरजंट सिंह कमरे से बाहर आए तो आरोपियों ने, जो नशे में थे, उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि गीत गुज्जर ने हरदीप की मां को धक्का दे दिया। जब गुरजंट सिंह बीच-बचाव करने आया तो गीत गुज्जर ने तलवार से उसके सिर पर वार किया। गुरजंट ने हाथ आगे कर वार से बचाव किया, लेकिन इसके बाद आरोपियों ने दोनों की जमकर पिटाई की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# 3 पंजाब (जी) बटालियन एनसीसी ने सहयोगी संस्थानों संग मनाया विश्व मतदाता दिवस, युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना का संचार

लुधियाना, यूटर्न, 22 जनवरी। 3 पंजाब (जी) बटालियन एनसीसी, लुधियाना द्वारा शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से विश्व मतदाता दिवस उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जागरूक करना रहा। इस कार्यक्रम में केसीडब्ल्यू, जीसीजी, जीएनकेसीडब्ल्यू, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल (सराभा नगर), सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बीआरएस नगर) तथा खालसा गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी की। कैडेट्स ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और मतदाता जागरूकता संगोष्ठी में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने रचनात्मक माध्यमों से मतदान की अहमियत, लोकतंत्र की मजबूती और नागरिक कर्तव्यों का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनके मताधिकार के प्रति सजग करना और भविष्य के जिम्मेदार मतदाता तैयार करना था। इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आर.एस. चौहान एवं पीआई स्टाफ उपस्थित रहे। उन्होंने कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी रचनात्मकता की सराहना की और उन्हें समाज में मतदान जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।



# मढ़ावाला क्षेत्र से लापता 16 वर्षीय मूक-बधिर किशोर को पुलिस ने हिमाचल प्रदेश से सकुशल बरामद किया

पंचकूला, यूटर्न, 22 जनवरी। पंचकूला जिले के मढ़ावाला क्षेत्र से 19 जनवरी को लापता हुए 16 वर्षीय एक मूक एवं बधिर किशोर को पंचकूला पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया है।

किशोर के सुरक्षित मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की कार्यशैली की सराहना की है। जानकारी के अनुसार 19 जनवरी को मढ़ावाला क्षेत्र निवासी यह




किशोर, जो बोलने व सुनने में असमर्थ है, अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर रिश्तेदारों, आसपास के इलाकों व संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग हाथ नहीं लगा तो 21 जनवरी को पिंजौर थाना में उसकी गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया गया।

मामला दर्ज होते ही मढ़ावाला चौकी इन्चार्ज भीम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। बच्चे की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में सघन सर्च अभियान चलाया गया। साथ ही पुलिस द्वारा बच्चे की फोटो विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से साझा की गई ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सूचना पहुंच सके और जल्द से जल्द कोई सुराग मिल सके।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत भेजा

पंचकूला, यूटर्न, 22 जनवरी। पंचकूला पुलिस ने महिला सुरक्षा और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए एक त्वरित कार्रवाई में 12 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आज स्थानीय अदालत में पेश किया, जहाँ से उसे न्यायिक



हिरासत में भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित किशोरी पंचकूला क्षेत्र की निवासी है। पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उनके परिवार का एक परिचित युवक 20 जनवरी को उसे बहला-फुसलाकर अपनी कार में ले गया और वहां उसके साथ गलत काम (दुष्कर्म) किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसआई सुनीता ने तुरंत जांच शुरू की और 21 जनवरी को आरोपी को धर दबोचा।

# बरवाला रोड पर एक ही रात दो फैक्ट्रियों को बनाया निशाना, लाखों का नुकसान

डेराबस्सी, यूटर्न, 22 जनवरी। डेराबस्सी के बरवाला रोड क्षेत्र में मंगलवार रात चोर गिरोह ने एक के बाद एक दो फैक्ट्रियों को निशाना बनाकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। भगवानपुर स्थित श्रीटेक मेटल कास्टिंग फैक्ट्री में हुई चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें चोर कॉपर से भरे बंद बैग उठाकर ले जाते हुए साफ नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 2.45 बजे से 3.18 बजे के बीच पांच चोर फैक्ट्री के पीछे की ओर से अंदर दाखिल हुए। आरोप है कि चोरों ने तीन ताले काटकर फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का कॉपर सामान चोरी



कर लिया। इस दौरान फैक्ट्री में मौजूद एक इलेक्ट्रीशियन व ऑपरेटर के साथ भी मारपीट की गई।

फैक्ट्री के ऑपरेटर राजन ने बताया कि वह रात करीब सवा तीन बजे फर्नेस चेक करने के लिए यूनिट में पहुंचा था। तभी चोरों ने उसे धमकाते हुए अंदर ले जाकर मारपीट की। इसी बीच सिक्योरिटी गार्ड बड़ी टॉर्च लेकर मौके की ओर आया, जिसकी रोशनी देखते ही चोर पीछे की ओर से भाग निकले। भागते समय चोर अपना एक बड़ा हैंड कटर भी मौके पर छोड़ गए। सिक्योरिटी गार्ड और अन्य कर्मचारियों ने उनका पीछा किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर चोर फरार हो गए।

फैक्ट्री मालिक एस.बी. सिंह के अनुसार चोर आठ बोरियों में करीब आधा टन कॉपर, जिसकी कीमत लगभग छह लाख रुपये बताई जा रही है, चोरी कर ले गए। फैक्ट्री में काम करने वाले रामलखन की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है।

## खन्ना विधानसभा क्षेत्र में ₹6.96 करोड़ के सड़क विकास कार्यों की बड़ी शुरूआत, मंत्री तरुनप्रीत सिंह सोंद ने रखे नींव पत्थर



खन्ना, लुधियाना, यूटर्न, 22 जनवरी। खन्ना विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पंजाब सरकार ने करीब ₹6.96 करोड़ रुपये की लागत से सड़क विकास परियोजनाओं की शुरूआत कर दी है। पंजाब के पर्यटन, सांस्कृतिक मामले, श्रम, आतिथ्य, ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तथा खन्ना से विधायक तरुनप्रीत सिंह सोंद ने विभिन्न गांवों में लिंक सड़कों के नवीनीकरण, चौड़ीकरण और इंटरलॉक टाइल्स लगाने के कार्यों के नींव पत्थर रखे। मंत्री सोंद ने बताया कि इन परियोजनाओं में ₹4.17 करोड़ की लागत से खन्ना से खेड़ी नौध सिंह रोड (5.61 किमी) की मरम्मत, जिसमें खन्ना से ललहेड़ी चौक तक 1.5 किमी में इंटरलॉक टाइल्स लगाई जाएंगी, तथा ₹2.79 करोड़ की लागत से रतनहेड़ी से भादला नीचा तक 4 किमी सड़क को 10 से बढ़ाकर 18 फीट चौड़ा किया जाएगा। सभी कार्य 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कर लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य तय मानकों के अनुसार होंगे ताकि सड़कों की मजबूती और दीर्घकालिक गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। इन परियोजनाओं से ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और लोगों को शहरों के समान सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री सोंद ने कहा कि ग्रामीण विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता है। पंजाब सरकार का उद्देश्य है कि गांवों को आधुनिक नागरिक सुविधाओं से जोड़ा जाए ताकि समग्र विकास को गति मिले। उन्होंने कहा कि विकास कार्य जनता के सहयोग के बिना संभव नहीं हैं और लोगों को गुणवत्ता की निगरानी में भी भागीदार बनना चाहिए। इस अवसर पर मार्केट कमेटी खन्ना के चेयरमैन जगतार सिंह गिल रतनहेड़ी, जिला परिषद व जिला प्लानिंग बोर्ड सदस्य मास्टर अवतार सिंह देहिड़ू, ब्लॉक समिति सदस्य लखवीर सिंह काला, सरपंच अमरजीत सिंह, सुखचैन सिंह, हरप्रीत सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, करीब साढ़े 4 लाख रुपये के गहने बरामद

पंचकूला, यूटर्न, 22 जनवरी। पंचकूला में चोरी की वारदातों पर लगाम कसते हुए पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सैक्टर-14 में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लाखों रुपये मूल्य के सोना-चांदी के गहने बरामद किए हैं।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 नवंबर




को पुलिस को सूचना मिली थी कि पंचकूला के सैक्टर-14 स्थित एक मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा कीमती गहनों की चोरी की गई है। सूचना के आधार पर थाना सैक्टर-14 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 इन्चार्ज मुकेश सैनी की अगुवाई में टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 18 जनवरी को आरोपी दीपक, निवासी जिला बदायूं (उत्तर प्रदेश), वर्तमान में किरायेदार अभयपुर, सैक्टर-19 पंचकूला, को काबू किया। आरोपी को 19 जनवरी को माननीय अदालत में पेश कर 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर सैक्टर-19 पंचकूला स्थित उसके किराये के मकान से चोरी किए गए सोना व चांदी के गहने बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये बताई जा रही है। चोरी का माल बरामद होने के बाद पुलिस ने आज आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 शुक्रवार, 23 जनवरी 2026



पेज 08 50 कट्टर कांग्रेसी परिवारों ने बबली ढिल्लों की...

# भाजपा ने दिखाई संगठन की ताकत, मेयर-सीनियर डिप्टी मेयर-डिप्टी मेयर प्रत्याशी घोषित







चंडीगढ/यूटर्न/22 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा आज नगर निगम चंडीगढ़ के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की गई। यह घोषणा चंडीगढ़ प्रदेश के प्रभारी एवं गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने प्रदेश पदाधिकारियों एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी पार्षदों की उपस्थिति में की।अतुल गर्ग ने मेयर पद के लिए सौरभ जोशी, सीनियर डिप्टी मेयर पद के लिए जसमनप्रीत सिंह तथा डिप्टी मेयर पद के लिए सुमन शर्मा के नामों की आधिकारिक घोषणा की।

घोषणा के उपरांत तीनों प्रत्याशियों ने संयुक्त आयुक्त कम सचिव, म्युनिसिपल कॉरपोरेशन चंडीगढ़ हिमांशु गुप्ता को अपने-अपने नामांकन पत्र सौंपे। यह नामांकन प्रक्रिया चंडीगढ़ प्रदेश के प्रभारी अतुल गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी संजय टंडन तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश पांचाल, भारत कुमार, इंदिरा सिंह, महामंत्री रामवीर भट्टी, संजीव राणा, मेयर हरप्रीत कौर बबला, मीडिया प्रभारी रवि रावत, प्रदेश सचिव मनीष शर्मा, संजय पुरी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पार्षद मौजूद रहे। अतुल गर्ग ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी संगठन के समर्पित, कर्मठ और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध हैं। उनके नेतृत्व में नगर निगम चंडीगढ़ में पारदर्शिता, विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को नई दिशा मिलेगी। पार्टी ने विश्वास जताया कि सभी पार्षद एकजुट होकर संगठन के निर्णय को मजबूती देंगे और चंडीगढ़ के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

## चंडीगढ़ नगर निगम चुनावः कांग्रेस-आप की राहें जुदा, मुकाबला हुआ दिलचस्प

चंडीगढ़, यूटर्न, 22जनवरी। नगर निगम चुनाव से पहले शहर की राजनीति में नई गर्माहट देखने को मिल रही है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने नेतृत्व पदों के लिए अलग-अलग उम्मीदवार उतारकर यह स्पष्ट कर दिया है कि इस बार चुनावी मैदान में दोनों दल अपने दम पर किस्मत आजमाएंगे। किसी भी तरह के गठबंधन की संभावनाओं पर अब विराम लग गया है। कांग्रेस ने मेयर पद के लिए गुरप्रीत सिंह गाबी को अपना चेहरा बनाया है, जबकि सीनियर डिप्टी मेयर पद के लिए सचिन गालव और डिप्टी मेयर पद के लिए निर्मला देवी को मैदान में उतारा गया है। पार्टी के तीनों प्रत्याशी आज दोपहर नगर निगम कार्यालय में नामांकन दाखिल करेंगे। दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी ने भी नगर निगम के शीर्ष पदों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुनावी तैयारी तेज कर दी है। अअढ ने मेयर पद के लिए वार्ड नंबर 25 के पार्षद योगेश ढींगरा, सीनियर डिप्टी मेयर के लिए वार्ड नंबर 29 से मुन्नवर खान और डिप्टी मेयर के लिए वार्ड नंबर 1 से जसविंदर कौर को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के सभी प्रत्याशी आज शाम नगर निगम कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। दोनों प्रमुख विपक्षी दलों के अलग-अलग चुनावी दांव से नगर निगम चुनाव अब और ज्यादा रोचक हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इससे सत्ता संतुलन पर सीधा असर पड़ेगा और मुकाबला त्रिकोणीय या उससे भी अधिक कड़ा हो सकता है। नामांकन के दिन दोनों दलों के समर्थकों की सक्रिय मौजूदगी से नगर निगम परिसर में राजनीतिक सरगर्मी चरम पर रहने की संभावना जताई जा रही है।





## चंडीगढ़ मेयर चुनावः तीन दल, तीन दावेदार—सियासी समीकरणों की अग्निपरीक्षा शुरू





चंडीगढ़। नगर निगम में सत्ता की कुर्सी को लेकर इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प होने जा रहा है। मेयर चुनाव के लिए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (AAP) और भारतीय जनता पार्टी (AAP) ने अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं, जिससे स्पष्ट हो गया है कि चुनाव त्रिकोणीय रहेगा और किसी भी तरह के चुनावी समझौते की गुंजाइश नहीं है। कांग्रेस ने मेयर पद के लिए अनुभवी नेता गुरप्रीत सिंह गाबी पर भरोसा जताया है। पार्टी ने सीनियर डिप्टी मेयर के रूप में सचिन गालव और डिप्टी मेयर के लिए निर्मला देवी को भी नामित किया है। कांग्रेस का पूरा पैनल आज दोपहर नगर निगम कार्यालय पहुंचकर नामांकन प्रक्रिया पूरी करेगा।

आम आदमी पार्टी ने भी आक्रामक रणनीति के तहत अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने वार्ड नंबर 25 से पार्षद योगेश ढींगरा को मेयर पद का चेहरा बनाया है, जबकि सीनियर डिप्टी मेयर के लिए मुन्नवर खान और डिप्टी मेयर के लिए जसविंदर कौर को मैदान में उतारा गया है।

AAP के प्रत्याशी आज शाम नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं, सत्तारूढ़ भाजपा ने भी मेयर पद के लिए सौरभ जोशी को उतारकर मुकाबले को पूरी तरह खुला बना दिया है। पार्टी स्तर पर चुनावी रणनीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है और पार्षदों को एकजुट रखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। तीनों दलों के अलग-अलग उम्मीदवारों के सामने आने से नगर निगम में नेतृत्व को लेकर मुकाबला और तीखा हो गया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह चुनाव न केवल मेयर की कुर्सी तय करेगा, बल्कि आने वाले समय में चंडीगढ़ की स्थानीय राजनीति की दिशा भी निर्धारित करेगा। नामांकन के साथ ही नगर निगम परिसर में राजनीतिक हलचल तेज होने के आसार हैं।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सियासी हलचल, आप पार्षद रामचंद्र यादव ने डिप्टी मेयर पद के लिए भरा नामांकन



चंडीगढ़, यूटर्न, 22 जनवरी। मेयर चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी में अंदरूनी असंतोष खुलकर सामने आ गया है। पार्टी के पार्षद रामचंद्र यादव ने डिप्टी मेयर पद के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। खास बात यह रही कि उनके नामांकन प्रस्तावक कांग्रेस के दो पार्षद बने, जिससे सियासी समीकरणों पर सवाल खड़े हो गए हैं। रामचंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि वह पार्टी नहीं छोड़ रहे हैं, लेकिन संगठन के भीतर कुछ ऐसे लोग हैं जो पार्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में मौजूद 'दीमकर' जैसी सोच रखने वालों को अलग किया जाना चाहिए, ताकि संगठन मजबूत रह सके। यादव ने आरोप लगाया कि वह चुनाव लड़ने के इच्छुक थे, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने उन्हें पूरी तरह नजरअंदाज किया। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले चुनाव में जिन तीन वोटों ने क्रॉस वोटिंग की थी, उन पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी वजह से पार्टी के सभी पार्षदों को शक की नजर से देखा जाता है, जो गलत है। रामचंद्र यादव का यह कदम न केवल AAP के लिए असहज स्थिति पैदा कर रहा है, बल्कि मेयर चुनाव से पहले चंडीगढ़ की राजनीति में नई हलचल भी पैदा कर रहा है। अब सबकी नजर इस पर टिकी है कि पार्टी नेतृत्व इस चुनौती से कैसे निपटता है।

Uturn Time 23 Jan 2026_Layout 2  22-01-2026  11:04  Page 6



# श्री राधा कृष्ण का स्थापना दिवस मनाया, पुजारी यदुनाथ ने श्री कृष्ण लीला का वर्णन किया

चरणजीत सिंह चन्न



जगरांव/यूटर्न/22 जनवरी। श्री सत ईश्वर शिव मंदिर मैनेजमेंट कमेटी ने शिव मंदिर महिला मंडल और शहरवासियों के सहयोग से मुख्य पुजारी यदुनाथ की अगुवाई में श्री सत ईश्वर शिव मंदिर में श्री राधा कृष्ण मूर्ति स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया। इस मौके पर पुजारी यदुनाथ जी ने कहा कि जो देश अपने देवी-देवताओं, गुरुओं और पीरों को याद करते हैं और उनकी याद में कार्यक्रम आयोजित करते हैं, वे हमेशा तरक्की की सबसे ऊंची जगह पर रहते हैं। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की लीला के बारे में भी बताया। इस मौके पर भजन गायक संदीप उधनवाल ने भगवान श्री कृष्ण के भजन गाए। इस मौके पर हजारों भक्तों ने माथा टेका और अपने दिल की मुरादें मांगीं। इस मौके पर अध्यक्ष सत्या चौधरी सिंगला, संजू खुल्लर, कमलेश गर्ग, स्नेह लता गोयल, रितु बंसल, रेखा बंसल, पार्षद सरोज बंसल, उर्मिला ग्रोवर, सरला मुंजाल, बिमला कंसल, पिंकी चौधरी, नरेश जिंदल, अश्वनी सिंगला, सुदेश कुमार, प्रदीप चेतल, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष संजीव ढांड, राम चौधरी, हरीश बंसल, राकेश सिंगला, सोनू चौधरी आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बीवीएम, ऊधम सिंह नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मना बसंत पंचमी पर्व



ऊधम सिंह नगर। भारतीय विद्या मंदिर, ऊधम सिंह नगर में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास और सांस्कृतिक वातावरण के बीच मनाया गया। विद्यालय परिसर भक्तिभाव और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा चौथी की छात्रा सिया गुप्ता के वक्तव्य से हुई, जिसमें उन्होंने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद छात्रों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य ने समां बांध दिया। कला विभाग के मार्गदर्शन में कक्षा छठी, सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों ने बसंत पंचमी से जुड़ी कला-शिल्प गतिविधियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

## रूह से रूबरू






चारु नागपाल

### अगर दुनिया बची तो बच्चों के पाठ्यक्रम में world war 3 का पाठ भी जुड़ जाएगा।

### ट्रंप साम्राज्य के लालच में हिटलर का इतिहास दोहराने की राह पर हैं।

आज वैश्विक राजनीति एक बार फिर अस्थिर दौर से गुजर रही है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों औरनीतिगत रुख को लेकर यह प्रश्न उठ रहा है कि क्या वे साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं के मोह में आकर वही गलतियाँ दोहरा रहे हैं, जो कभी हिटलर ने की थीं। पड़ोसी देशों पर लगातार दबाव, आक्रामक बयानबाजी और ₹पहले हम₹ जैसी सोच अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तनाव बढ़ा रही है। इतिहास गवाह है कि छोटी-छोटी चिंगारियाँ, यदि समय रहते न बुझाई जाएँ, तो विनाशकारी आग में बदल जाती हैं। 1941 से 1945 के बीच विश्व युद्ध के समय दुनिया के कई देश आज जितने सैन्य, तकनीकी और आर्थिक रूप से सशक्त नहीं थे। आज स्थिति अलग है-परिणाम कहीं अधिक घातक हो सकते हैं। आधुनिक हथियार, परमाणु क्षमता और वैश्विक गठजोड़ दुनिया को अंगारों की सेजपर लिटाए हुए हैं, बस एक चिंगारी और ईंधन की जरूरत है। जानकारों का मानना है कि उकसाऊ बयान और टकराव की राजनीति वही ईंधन उपलब्ध करा सकती है। यदि वैश्विक समुदाय ने संयम, संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता नहीं दी, तो आने वाली पीढ़ियों को इतिहास की पुस्तकों में तीसरे विश्व युद्ध का एक नया अध्याय पढ़ना पड़ सकता है। इसलिए आज सबसे बड़ी आवश्यकता है-जिम्मेदार नेतृत्व, शांतिपूर्ण समाधान और मानवता की रक्षा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Consumer Court में ex-parte order कब होता है?**

Consumer Court में कई बार ऐसा होता है कि मामला एकतरफा तरीके से तय कर दिया जाता है। इसे ex-parte order कहा जाता है। आम भाषा में इसका मतलब है—जब अदालत एक पक्ष की अनुपस्थिति में ही फैसला सुना दे। ज्यादातर लोगों को इसका अंदाजा तब होता है, जब अचानक उन्हें आदेश की कॉपी मिलती है।

ex-parte order आमतौर पर तब पारित होता है, जब सामने वाला पक्ष—अक्सर कंपनी या सेवा प्रदाता—को उचित नोटिस मिलने के बावजूद वह अदालत में उपस्थित नहीं होता। अगर बार-बार तारीख देने के बावजूद जवाब दाखिल नहीं किया जाता या सुनवाई से बचा जाता है, तो अदालत यह मान लेती है कि उस पक्ष को अपना अवसर दिया जा चुका है।

यह आदेश किसी सजा के रूप में नहीं, बल्कि कार्यवाही को आगे बढ़ाने के लिए दिया जाता है। अदालत यह नहीं चाहती कि कोई पक्ष जानबूझकर अनुपस्थित रहकर मामले को अनिश्चित समय तक लटकाए। इसलिए रिकॉर्ड देखकर, उपलब्ध दस्तावेजों और शिकायतकर्ता की दलीलों के आधार पर फैसला कर दिया जाता है। यह भी समझना जरूरी है कि ex-parte order का मतलब यह नहीं होता कि मामला हमेशा के लिए बंद हो गया। जिस पक्ष के खिलाफ यह आदेश आया है, वह उचित कारण बताकर उसे रद्द करवाने (Set Aside) के लिए आवेदन कर सकता है। लेकिन इसके लिए यह साबित करना पड़ता है कि अनुपस्थिति जानबूझकर नहीं थी। उपभोक्ता के लिए यह स्थिति कभी-कभी फायदे की होती है, क्योंकि अनावश्यक देरी से बचाव होता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि बिना दस्तावेज या आधार के फैसला हो जाएगा। अदालत हर स्थिति में तथ्यों और रिकॉर्ड को ही महत्व देती है।

निष्कर्ष : ex-parte order अदालत की सख़्ती नहीं, बल्कि प्रक्रिया की मजबूरी है। यह उन मामलों में होता है जहाँ एक पक्ष को अवसर मिलने के बावजूद वह न्यायिक प्रक्रिया में शामिल नहीं होता। Consumer Court का संदेश साफ है—न्याय तभी टलेगा नहीं, जब कोई पक्ष जानबूझकर उसे टालने की कोशिश करेगा।

## भगवान श्री राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर फर्नीचर मार्केट बलटाना में विशाल भंडारे का आयोजन



जीरकपुर, यूटर्न, 22 जनवरी। भगवान श्री राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर फर्नीचर मार्केट बलटाना की ओर से श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान श्री राम के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छता और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। भंडारे में आने वाले सभी लोगों के लिए प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई, जिसमें बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और धार्मिक आस्था को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर फर्नीचर मार्केट बलटाना के प्रमुख सदस्यों में प्रवीन मित्तल, राजेश गोयल, सुनील अग्रवाल, बीरू, देवीचंद गर्ग, राजेश बंसल, सलिंदर गोयल, संजय मित्तल, नराता राम, दीपक, बालकिशन, प्रवीन सिंगला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजकों ने कहा कि भगवान श्री राम का आदर्श जीवन हमें सत्य, धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भविष्य में भी ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से समाज सेवा के कार्य जारी रखे जाएंगे। भंडारे के समापन पर आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगकताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## अयोध्या में श्रीराम मंदिर स्थापना दिवस पर डेराबस्सी में धार्मिक आयोजन



डेराबस्सी, यूटर्न, 22 जनवरी। अयोध्या में स्थित श्रीराम मंदिर के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर डेराबस्सी के जीबीपी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में गुरुवार शाम चार बजे भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने श्रीराम नाम की माला का जप किया, कीर्तन-भजन हुए और प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा डेराबस्सी और कीर्तन मंडली की ओर से भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान किया गया। भक्तिमय वातावरण में राम नाम का जप होता रहा और मंदिर परिसर पूरी तरह श्रद्धा व आस्था से सराबोर हो गया। समागम के बाद श्रद्धालुओं के बीच लड्डू और प्रसाद वितरित कर खुशियां सांझी की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष पवन धीमान (पम्मा) विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कीर्तन में भाग लिया और शहरवासियों को श्रीराम मंदिर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श हमें सत्य, सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं, जिसे अपनाकर समाज को मजबूत बनाया जा सकता है। धार्मिक आयोजन में मोनिता वशिष्ठ, हेमा राणा, सीमा पाल, रेणु गुप्ता, अनीला, नीतू धीमान सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्यों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# पंजाब में मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना लॉन्च, 10 लाख का मुफ्त इलाज मिलेगा, 3 करोड़ पंजाबियों को होगा फायदा

पंजाब/यूटर्न/22 जनवरी। पंजाब के मोहाली में वीरवार को सीएम भगवंत मान के साथ आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना की लॉन्चिंग की। इस योजना से 10 लाख रुपए तक का फ्री इलाज मिलेगा। सरकार का कहना है कि इस स्कीम में हर तरह का खर्च शामिल है। इसमें न कोई इनकम का चक्कर है और न ही एज लिमिट। पंजाब का आधार और वोटर कार्ड होना चाहिए और पूरा परिवार स्कीम का लाभ उठा सकता है। इससे 65 लाख परिवारों के करीब 3 करोड़ पंजाबियों को फायदा होगा। सेहत बीमा स्कीम की लॉन्चिंग के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। जो पंजाब में हुआ है। यह शायद 1950 में हो जाना चाहिए था।



## अब कोई पंजाबी बीमारी से नहीं मरेगा

आजादी के बाद 75 साल में कई सरकार आई, लेकिन किसी ने लोगों का ख्याल नहीं रखा। अगर पंजाब का उदाहरण लें। पंजाब में आतंकवाद था, फिर पंजाब में नशे का दौर आया। लेकिन कहते है हर चीज का टाइम आता है। पिछले चार साल से जो पंजाब में दौर चल रहा है। वह सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि अब कोई भी पंजाबी बीमारी के चलते मरेगा नहीं। पंजाब सरकार द्वारा लाई गई स्कीम हर किसी के लिए है, हम कोई कांग्रेसी, अकाली नहीं देखते। सभी को इसका फायदा मिलेगा।

## 15 दिन में अस्पतालों को पेमेंट मिलेगी

*सेहत योजना में क्रिटिकल केयर, कीमोथेरेपी, डिलीवरी और सभी तरह की सर्जरी शामिल की गई हैं। एडवांस सर्जरी को भी स्कीम में शामिल किया गया है। स्कीम के तहत अस्पताल जाने पर सभी तरह के टेस्ट, दवाइयों और सर्जरी का पूरा खर्च शामिल है। करीब 9000 सेंटर एनरोलमेंट सेंटर बनाए गए हैं। यूथ क्लब के मेंबर घर-घर जाकर पर्चियां देंगे। इसके बाद लोग अपने आधार और अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर जाएंगे। फोन पर ही उन्हें कार्ड बनने की जानकारी मिल जाएगी। स्कीम में अस्पताल अहम पार्टनर हैं। उन्हें पैकेज बढ़ाकर लोगों को सुविधाएं दी जा रही हैं। स्कीम में शामिल अस्पतालों को 15 दिन के भीतर पेमेंट की जाएगी। अब तक 900 अस्पताल इम्पैनल हो चुके हैं।*

# अमृतसर में निहंगों ने की महंतों की धुनाई, हेरिटेज स्ट्रीट पर श्रद्धालुओं से जबरन पैसे मांगते थे

अमृतसर/यूटर्न/22 जनवरी। अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल की हेरिटेज स्ट्रीट (विरासती मार्ग) पर निहंगों ने जबरन रुपए मांग रहे महंतों की धुनाई कर दी। निहंगों ने डंडों से उनको पीटकर भगाया। निहंगों के विरोध को देखते हुए महंत भी वहां से दौड़ते हुए नजर आए।

निहंगों के इस एक्शन के बाद कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण बन गया लेकिन यहां आए श्रद्धालुओं और दुकानदारों के सपोर्ट की वजह से महंत निहंगों का विरोध नहीं कर पाए। निहंगों के महंतों को हेरिटेज स्ट्रीट से दौड़ाने के वीडियो सामने आए हैं। निहंगों का कहना है कि उन्हें श्रद्धालुओं की ओर से सोशल मीडिया पर लगातार कंप्लेंट मिल रही थी कि उन्हें परेशान किया जा रहा है। जिसके बाद वे मंगलवार रात वहां पहुंचे। वहां देखा कि महंत जबरन लोगों की जेब से रुपए निकालने तक के लिए जा रहे हैं। जिसके बाद निहंग एक्शन में आ गए।



## निहंगों के एक्शन की वीडियो आई सामने

कुछ निहंग हेरिटेज स्ट्रीट पर जा रहे हैं। इस दौरान वह वहां घूम रहे महंतों पर नजर रख रहे हैं। इस दौरान एक महंत लोगों से रुपए मांगते हुए दिखता है। इस पर निहंग दौड़कर जाते हैं और उसे घेर लेते हैं। इसके बाद निहंग डंडों से उसकी पिटाई करते हैं। वह महंत को कहते हैं कि कितनी बार तुम्हें कहा है, जाकर अपना काम करो। इसके बाद निहंग पीट-पीटकर उसे दौड़ा देते हैं। निहंग कहते हैं कि इन्होंने गंद डाल रखा है। इसके बाद महंत दौड़ते हुए नजर आता है। महंतों को दौड़ाने के बाद श्रद्धालु हाथ जोड़कर निहंगों का धन्यवाद करते हुए भी नजर आते हैं।

# पंजाब में बारिश और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट, तेज हवाएं चलेंगी, आदमपुर में सबसे कम 2.6 डिग्री तामपान दर्ज

पंजाब/यूटर्न/22 जनवरी। पंजाब और चंडीगढ़ में गुरुवार से मौसम बदलने वाला है। दो दिन तक लगातार बिजली चमकने, बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाएं (50 से 60 किमी प्रति घंटा तक) चलने की संभावना है।

चंडीगढ़ मौसम विभाग की ओर से इस संबंध में यलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 0.1 डिग्री सेल्सियस की मामूली गिरावट दर्ज की गई है, फिर भी यह सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक बना हुआ है। मैदानी इलाकों में सबसे कम न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री आदमपुर में दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



## आज कहां- कहां हो सकती है बारिश

मौसम विभाग के अनुसार वीरवार पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर ,तरनतारन, होशियारपुर, नवांशहर, कपूरथला, जालंधर, फिरोजपुर, मोगा, रूपनगर , फाजिल्का, फरीदकोट, मुक्तसर, बठिंडा, लुधियाना, बरनाला, मानसा, संगरूर, फतेहगढ़ साहिब, पटियाला, एसएएस नगर (मोहाली) में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। जबकि बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में बहुत घना कोहरा देखने को मिला। राज्य में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 से 9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मैदानी इलाकों में सबसे कम तापमान आदमपुर में 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# विधायक अयाली ने अजीतसर ग्राउंड के रेनोवेशन कार्य का किया उद्घाटन, 2 लाख की मदद दी



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/22 जनवरी। अजीतसर वेलफेयर क्लब अजीतसर ग्राउंड का रेनोवेशन करके इसे मॉडर्न स्पोर्ट्स ग्राउंड बना रहा है, जिसका उद्घाटन विधायक मनप्रीत सिंह अयाली ने किया और कहा कि स्पोर्ट्स हमारे समाज का मुख्य हिस्सा हैं, अगर स्पोर्ट्स ग्राउंड अच्छे होंगे, तो स्वाभाविक रूप से खिलाड़ी भी बेस्ट होंगे। इसलिए मॉडर्न स्पोर्ट्स ग्राउंड होना बहुत जरूरी है। अजीतसर वेलफेयर क्लब के सदस्यों द्वारा स्पोर्ट्स ग्राउंड का रेनोवेशन करना बहुत ही सराहनीय काम है। इस काम के लिए मैं अपने अयाली परिवार की तरफ से क्लब को 2 लाख रुपये की फाइनेंशियल मदद दे रहा हूं और जो भी और मदद की जरूरत होगी, वह भी हम देंगे। उन्होंने कहा कि शहर के इस स्लम एरिया में कोई दूसरा प्लेग्राउंड नहीं था, इस प्लेग्राउंड के रेनोवेशन से बच्चों, बुजुर्गों, बेटियों, बहनों और युवाओं को इसका फायदा मिलेगा। वहीं, इस प्लेग्राउंड से अच्छे खिलाड़ी निकलेंगे, जिससे युवाओं का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। इस मौके पर क्लब के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने कहा कि इस खेल के मैदान पर करीब 15-20 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इस मौके पर क्लब के चेयरमैन धरमिंदर सिंह, प्रेसिडेंट गुरदीप सिंह, वाइस प्रेसिडेंट किरणदीप सिंह, ट्रेजरर हरमिंदर सिंह क्लेर, एडवोकेट जगदीप सिंह और सेक्रेटरी गुरप्रीत सिंह ने विधायक अयाली और उनके साथ आए पूर्व चेयरमैन अमरजीत सिंह मुल्लांपुर को भी सम्मानित किया।

# ट्रैफिक की समस्या को लेकर नगर परिषद में हुई मीटिंग



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/22 जनवरी। नगर परिषद जगरांव में सीनियर वाइस अध्यक्ष और वाइस अध्यक्ष का चुनाव हुआ। जिसमें पार्षद कवरपाल सिंह सीनियर वाइस अध्यक्ष और जगजीत सिंह जग्गी वाइस अध्यक्ष चुने गए। वीरवार नगर परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष कवरपाल सिंह और वाइस अध्यक्ष जगजीत सिंह जग्गी ने ट्रैफिक इंचार्ज कुमार सिंह और पार्षदों के साथ शहर की समस्याओं को लेकर मीटिंग की, जिसमें ट्रैफिक की समस्या को लेकर दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर 10 फीट तक सामान न रखें। अगर कोई दुकानदार सिफारिश लेकर आता है तो उसका सामान वापस नहीं किया जाएगा। दुकानों के बाहर पीली लाइन भी लगाई जाएगी। जिसके बाहर वाहन पार्क करने पर चालान होगा। शहर के कामों को लेकर भी पार्षदों के साथ मीटिंग हुई और जल्द ही सभी वार्डों में होने वाले काम शुरू कर दिए जाएंगे और कूड़े की समस्या का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर पार्षद सतीश कुमार पप्पू, पार्षद जरनैल सिंह लोहट, पार्षद अमन कपूर बॉबी, पार्षद विक्रम जस्सी, रविंदर कुमार सभरवाल, राज भारद्वाज, वरिंदर कलेर, साजन मल्होत्रा, करमजीत सिंह कैंथ, अमरनाथ कल्याण, सतिंदरजीत ततला आदि मौजूद थे।

# 50 कट्टर कांग्रेसी परिवारों ने बबली ढिल्लों की अगुवाई में थामा अकाली दल का दामन



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/22 जनवरी। बठिंडा की चंदसर बस्ती से करीब 50 कांग्रेसी परिवारों ने वीरवार को कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहकर शिरोमणि अकाली दल का दामन थाम लिया। ये परिवार शिअद के हलका इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों की अगुवाई में अकाली दल में शामिल हुए। इस मौके पर अकाली दल के सीनियर नेता और पूर्व एमसी राजू मान के प्रयासों की भी विशेष रूप से सराहना की गई, जिनकी कोशिशों से ये परिवार पार्टी से जुड़े। अकाली दल के दफ्तर में आयोजित प्रभावशाली कार्यक्रम के दौरान नए शामिल हुए युवाओं और परिवार के सदस्यों ने कहा कि वे शिरोमणि अकाली दल की पिछले 10 साल की कार्यशैली और विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस छोड़कर अकाली दल में शामिल होने वालों में हरप्रीत सिंह, लवप्रीत सिंह, अरशप्रीत सिंह, अमन कुमार, आशीष, स्टीफन, कुलदीप सिंह, बलकरन सिंह, बलविंदर सिंह, मोहन सिंह, काका सिंह, अनमोल सिंह, साहिल सिंह, विक्की सहोता, बिट्टू सिंह, सोमा सिंह, सुखप्रीत सिंह, संजू सिंह, सैमी सिंह आदि शामिल हैं। इस मौके पर कुलदीप सिंह नंबरदार, मोहनजीत सिंह पुरी, राजू मान, गुरप्रीत संधू, रविंदर सिंह चीमा, हरतार सिंह, करमजोग सिंह मान, बलविंदर सिंह बल्ली, जगजीत सिंह भुल्लर, मनिंदर सिंह सोढ़ी और प्रिंसिपल जसविंदर सिंह भी मौजूद थे।

# ऑपरेशन परहार के तहत टिमोवाल के पास मुठभेड़, पुलिस फायरिंग में हत्या केस का आरोपी जख्मी, हथियार बरामद



अमृतसर/यूटर्न/22 जनवरी। पंजाब पुलिस के गैंगस्टरों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार के तीसरे दिन अमृतसर में पुलिस और बदमाश की मुठभेड़ हो गया। इस दौरान क्रॉस फायरिंग में बदमाश जसपाल उर्फ भट्टी घायल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बॉर्डर रेंज के डीआईजी संदीप गोयल ने बताया कि घायल आरोपी जसपाल उर्फ भट्टी जिला होशियारपुर का रहने वाला है। उस पर करीब एक साल पहले कपूरथला में हत्या का केस है। वारदात के बाद से वह लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। ऑपरेशन प्रहार के दौरान यह छठा एनकाउंटर है। डीजीपी गौरव यादव ने वॉर ऑन गैंगस्टर का ऐलान करते हुए 72 घंटे के ऑपरेशन प्रहार का ऐलान किया था। जिसका आज आखिरी दिन है। स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला ने ऐलान किया कि लोग गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर पर गैंगस्टर, उनके सहयोगियों और साथियों के बारे में सूचना दें। अगर गिरफ्तारी हुई तो पुलिस 10 लाख रुपए का इनाम देगी।

## गुप्त सूचना पर की गई नाकाबंदी

डीआईजी संदीप गोयल के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कपूरथला में कत्ल कर भागा आरोपी भट्टी अमृतसर देहाती क्षेत्र में छिपा हुआ है। इसके बाद पुलिस टीम की टीम वहां रवाना की गई। टीम ने वहां पहुंचते ही एरिया में नाकाबंदी कर दी। इसके बाद उसे रोकने की कोशिश की गई तो उसने पुलिस को देख फायरिंग शुरू कर दी।

# ग्रीन सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी की बैठक में मेयर मेहता ने सुनीं समस्याएं, कई का मौके पर समाधान



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/22 जनवरी। ग्रीन सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें महापौर पदमजीत सिंह मेहता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उनके साथ नगर निगम पार्षद उमेश गोगी भी विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक के दौरान ग्रीन सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों व निवासियों ने एकजुट होकर क्षेत्र में आ रही विभिन्न समस्याओं को महापौर के समक्ष रखा। इस मौके पर डॉ. संजीव पाठक (प्रधान), डॉ. नरिंदर बस्सी (पैट्रन), अमृत लाल पाठक (पैट्रन), पवन अरोड़ा (जनरल सचिव), प्रशांत गोयल (कैशियर), डॉ. राकेश गोयल (सीनियर उपाध्यक्ष) सहित बड़ी संख्या में ग्रीन सिटी के निवासी उपस्थित थे। निवासियों ने सीवरेज, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, पेयजल व अन्य जन सुविधाओं से जुड़ी परेशानियों से महापौर को अवगत कराया। समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए महापौर मेहता ने कई मुद्दों का मौके पर ही समाधान करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। महापौर ने आश्वासन दिया कि जो समस्याएं शेष हैं, उनका भी शीघ्र समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का जल्द निपटारा नगर निगम की प्राथमिकता है और बठिंडा को एक स्वच्छ, सुंदर व सुविधासंपन्न शहर बनाने के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं।

# डिप्टी कमिश्नर ने 26 जनवरी को होने वाले कल्चरल प्रोग्राम की रिहर्सल का इंस्पेक्शन किया



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/22 जनवरी। डिप्टी कमिश्नर राजेश धीमान ने वीरवार स्थानीय शहीद भगत सिंह मल्टी-पर्पज स्पोर्ट्स स्टेडियम में रिपब्लिक डे (26 जनवरी 2026) पर होने वाले डिस्ट्रिक्ट लेवल प्रोग्राम के दौरान कल्चरल प्रोग्राम की रिहर्सल का इंस्पेक्शन किया। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को कल्चरल प्रोग्राम के दौरान मिली कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रोग्राम को सफलतापूर्वक चलाने के लिए यह पक्का किया जाए कि हर व्यक्ति अपनी ड्यूटी पूरी लगन से करे। उन्होंने कहा कि रिहर्सल के दिनों के अलावा 26 जनवरी तक बच्चों को पीने का पानी और रिफ्रेशमेंट देना पक्का किया जाए। इस मौके पर एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (जनरल) पूनम सिंह, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (अर्बन डेवलपमेंट) नरिंदर सिंह धालीवाल, एसडीएम एस. बलकरन सिंह माहल, मुख्यमंत्री के रीजनल फील्ड ऑफिसर रमनजीत, डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर जसवीर सिंह, लेक्चरर मंदीप कौर और हरभगवान सिंह मौजूद थे।

# मामूली कहासुनी ने लिया खूनी मोड़, अब्बूपुरा में घर पर धावा बोलने के आरोप में 12 लोगों पर FIR



-चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/22 जनवरी। थाना सिधवां बेट की पुलिस ने गांव अब्बूपुरा में एक व्यक्ति के घर पर हमला, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां देने के आरोप में 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह पूरा विवाद बाइक की रेस लगाने और गलत तरीके से वाहन चलाने को लेकर हुई बहस के बाद भड़का, जिसने बाद में हिंसक रूप ले लिया। एएसआई राजविंदर पाल सिंह अनुसार यह कार्रवाई शिकायतकर्ता प्रकाश सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी अब्बूपुरा के बयानों पर की है। प्रकाश सिंह ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 2 वर्षों से गांव अब्बूपुरा में मनजीत कौर पत्नी दलीप सिंह के घर पर रह रहा है। 16 जनवरी रात करीब 10 बजे, जब मनजीत कौर दवाई लेने गई हुई थीं, तभी गली से गालियां देने की आवाजें आईं। जब प्रकाश ने गेट खोलकर देखा, तो हथियारों से लैस करीब 12 लोग मौजूद थे। शिकायतकर्ता अनुसार, घटना वाले दिन दोपहर के समय वह और मनजीत कौर गली से जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी वीरू सिंह अपनी बाइक जानबूझकर बाइक प्रकाश सिंह में मारने की कोशिश की। इस बात को लेकर दोनों मेंबहस हो गई। हैरानी की बात यह है कि हमलावरों में शिकायतकर्ता का अपना सगा भाई भी शामिल है। पुलिस ने वीरू सिंह, विजय कुमार, सुखा सिंह, मनजीत कौर, अक्की, रमन कौर, कीपा सिंह, सोनू सिंह, काकू सिंह, बुद्धू सिंह, राजू सिंह पर मामला दर्ज किया है।

# लुधियाना ग्रामीण पुलिस की नशा तस्करों पर सख्ती; हेरोइन, नशीली गोलियां और अवैध शराब समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/22 जनवरी। समाज विरोधी तत्वों और नशा तस्करों के खिलाफ चल रही विशेष मुहिम के तहत लुधियाना ग्रामीण पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। विभिन्न थानों की पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए 6 नशा तस्करों को धर दबोचा। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में नशीली गोलियां, हेरोइन और अवैध शराब बरामद की। पहली कार्रवाई थाना हठूर में हुई, जहां एसआई जगजीत सिंह ने बताया कि पुलिस पार्टी को सूचना मिली थी कि हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी प्रधान निवासी रसूलपुर, जो हेरोइन बेचने का आदी है, ग्राहकों की प्रतीक्षा में डंगिया टी-पॉइंट पर खड़ा है। पुलिस ने तुरंत छापेमारी कर उसे 7 ग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार कर लिया।



## नशीली गोलियां बेचने वाले 3 तस्कर गिरफ्तार

दूसरे मामले में थाना सिटी रायकोट के एएसआई कुलदीप सिंह ने बरनाला चौक पर सूचना के आधार पर तीन व्यक्तियों को काबू किया। उनकी पहचान मनजीत सिंह उर्फ गोपी, गुरप्रीत सिंह (निवासी मुहल्ला गुरुनानकपुरा) और प्रदीप सिंह उर्फ गांधी (निवासी रायकोट) के रूप में हुई। ये तीनों ग्राहकों को गोलियां सप्लाई कर रहे थे, जहां से पुलिस ने इन्हें 20 नशीली गोलियों समेत धर दबोचा।

## नशीली गोलियां बरामद

इसी तरह थाना सदर रायकोट के अधीन पड़ती चौकी जलालदीवाल के प्रभारी एएसआई लखवीर सिंह ने मेन चौक जलालदीवाल पर नाका लगा एक तस्कर को काबू किया। सूचना मिली थी कि जसविंदर सिंह उर्फ जस्सा निवासी जोहलां दाना मंडी पिंड दढ़ाहूर में नशीली गोलियां बेचने के लिए बैठा है। पुलिस ने मौके पर रेड कर उसके कब्जे से 20 नशीली गोलियां बरामद कीं।

## श्मशान घाट से शराब बरामद

चौथी कार्रवाई थाना सिधवा बेट की पुलिस ने की। एएसआई गुरमीत सिंह ने किशनपुरा चौक पर गश्त के दौरान मिली सूचना पर अमल करते हुए चिंदरपाल सिंह उर्फ चिंदा निवासी अक्कूवाल को काबू किया। आरोपी पिंड के श्मशान घाट में बैठकर शराब बेच रहा था, जिसके कब्जे से 9 बोतलें अवैध शराब बरामद हुईं। संबंधित थानों की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 22 जनवरी से हिमाचल में भारी बर्फबारी, बारिश की संभावना

चंडीगढ़/यूटर्न/22 जनवरी। हिमाचल प्रदेश में गुरुवार से भारी बर्फबारी और बारिश होने की संभावना है, राज्य के मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए येलो और ऑरेंज मौसम चेतावनी जारी की है।

22 जनवरी के लिए कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, चंबा, किन्नौर, हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना और लाहौल और स्पीति के लिए येलो चेतावनी जारी की गई है, जो कुछ जगहों पर भारी बारिश का संकेत देती है। 23 जनवरी के लिए कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, ऊना, बिलासपुर, चंबा, सोलन, सिरमौर और लाहौल और स्पीति के लिए ऑरेंज चेतावनी जारी की गई है, जिसमें भारी बर्फबारी, ओलावृष्टि, बारिश और गरज के साथ तूफान की भविष्यवाणी की गई है। इसके अलावा, 23 जनवरी के लिए शिमला, हमीरपुर और किन्नौर जिलों के लिए भी येलो चेतावनी जारी की गई है। विभाग के अनुसार, 25 जनवरी को छोड़कर, पूरे राज्य में 27 जनवरी तक भारी बर्फबारी और बारिश जारी रहने की बहुत अधिक संभावना है।



## मौसम ज्यादातर शुष्क रहा

इस बीच, पिछले 24 घंटों के दौरान हिमाचल में मौसम ज्यादातर शुष्क रहा। न्यूनतम तापमान ज्यादातर सामान्य थे और कुछ जगहों पर सामान्य से 2 डिग्री से 3 डिग्री अधिक थे, जो माइनस 7 डिग्री और 9 डिग्री के बीच थे। कई जगहों पर अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री से 6 डिग्री अधिक था, जो 2 डिग्री से 25 डिग्री के बीच था।

# चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प अंतिम चरण में, मार्च तक मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

चंडीगढ़/यूटर्न/22 जनवरी। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन अब अपने नए और आधुनिक स्वरूप में तेजी से उभर रहा है। लंबे समय से चल रहे पुनर्विकास कार्य के बाद स्टेशन का लगभग 90 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है और यात्रियों को अब एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं की झलक मिलने लगी है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार शेष फिनिशिंग कार्य मार्च के अंत तक पूरे कर लिए जाएंगे।

हाल ही में स्टेशन के विशाल कानकोर्स पर लगी लिफ्टों की जांच प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिसके बाद प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए 8 लिफ्टों को चालू कर दिया गया है। यह सुविधा खास तौर पर बुजुर्गों, दिव्यांग यात्रियों और बच्चों के साथ यात्रा करने वालों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। इन लिफ्टों के जरिए यात्री प्लेटफॉर्म नंबर 1 से 6 तक आसानी से आ-जा सकेंगे। कानकोर्स के दोनों ओर चार-चार लिफ्टें स्थापित की गई हैं। करीब 72 मीटर .80 मीटर आकार का यह






विशाल कानकोर्स चंडीगढ़ और पंचकूला की ओर से आने-जाने वाले यात्रियों को आपस में जोड़ता है। रेलवे के सीनियर डीसीएम नवीन कुमार ने बताया कि स्टेशन का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है और यात्रियों को जल्द ही विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

गौरतलब है कि रेलवे लैंड डेवलपमेंट अथॉरिटी की ओर से चल रहे इस प्रोजेक्ट की समय-सीमा पहले कई बार आगे बढ़ चुकी है। वर्ष 2024 और 2025 में तय की गई कई डेडलाइन पूरी नहीं हो सकीं। हालांकि रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव पहले ही स्पष्ट कर चुके



हैं कि इतने बड़े स्तर के पुनर्विकास कार्य में चरणबद्ध तरीके से काम करना पड़ता है और तय तारीखें बदलना असामान्य नहीं है। फिलहाल राहत की बात यह है कि यात्रियों के लिए कानकोर्स को प्लेटफॉर्म 2 से 6 तक खोल दिया गया है और लिफ्ट सुविधा शुरू होने से आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक सुगम हो गया है।

# अकाली आगू और वर्कर हमारी पार्टी की जान हैं - सुखबीर बादल



राज बब्बर

जगराओं/यूटर्न/22 जनवरी। जगराओं में अपने सर्कल प्रधान शिवराज सिंह की माता के निधन पर अफसोस जताने जगराओं पहुंचे सुखबीर सिंह बादल ने कहाकी शिरोमणि अकाली दल के सभी आगू और वर्कर उनकी पार्टी की जान है और अपने वर्करों के दम पर ही उनकी पार्टी की हर तरफ चढ़ाई होती है। इस मौके उन्होंने यह भी कहा की वो अपने सर्कल प्रधान शिवराज सिंह के घर नहीं अपने छोटे भाई के घर उनकी माता जी के अचानक निधन हो जाने के कारण उनका दुख बांटने आए हैं। क्योंकि शिवराज सिंह जैसे लोगों की वजह से इस इलाके में शिरोमणि अकाली दल ने हमेशा अपनी हर जीत शान से हासिल की है। इस मौके पर जगराओं के सर्कल प्रधान शिवराज सिंह ने भी कहाकी उनके जैसे एक निमाने से व्यक्ति के घर पार्टी प्रधान का आकर उनका दुख बांटना बहुत बड़ी बात है और इसके लिए वो हमेशा पार्टी प्रधान सुखबीर बादल के आभारी रहेंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक एस आर कलेर ने भी कहा की पार्टी प्रधान सुखबीर सिंह बादल बिना किसी भेदभाव से सबसे दिल से प्यार करते हैं और यही बात उनके बड़प्पन को ओर बढ़ा कर देती है। इस मौके पर पूर्व विधायक रणजीत सिंह दिल्लों, जिला प्रधान चंद सिंह डल्ला, हल्का दाखा से जसकरण सिंह देओल, सर्कल प्रधान परमजीत सिंह चीमा, प्रधान अमरजीत सिंह रसूलपुर, सरप्रीत सिंह कोंके, दीदार सिंह मलक के बिना बड़ी गिनती में अकाली दल के वर्कर हाजिर रहे।

# इनर व्हील नारी शक्ति की पहल द्वारा गरीब कन्या की शादी में मदद





जीरकपुर, यूटर्न, 22 जनवरी। इनर व्हील क्लब जीरकपुर ग्रीन्स नारी शक्ति एक कोशिश छोटी सी द्वारा सहयोगपूर्वक वी. आई. पी. रोड जीरकपुर में एक गरीब जरूरतमंद परिवार की कन्या शारदा जिसके पिता अपाहिज व माता कामवाली हैं की शादी में विवाह हेतु आवश्यक सामान जैसे रजाई, बेड शीट,मेकअप सामान सूट-साड़ी,बर्तन, गर्म कपड़े,बेबी सूट व कैश देकर मदद की गई। अध्यक्ष निहारिका गर्ग के मार्गदर्शन में ये शुभकार्य कई वर्षो से लगातार चल रहा है गर्ग मेम के अनुसार कन्या दान महा दान है तथा शादी में मदद उनके आने वाले जीवन मे खुशहाली लाती है अतः हमें ऐसे सेवा कार्यो में जरूर सहयोग देना चाहिए। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष निहारिका गर्ग,पूजा

चोपड़ा,संजू ,वंदना,सुनील ,अनिता व कन्या शारदा उपस्थित रहे। इनर व्हील क्लब नारी शक्ति जरूरतमंदों की सेवा और सहयोग में सदैव अग्रणी रहती है।

# बीफ मामले में हाईकोर्ट सख्त, 'जानकारी नहीं थी' की दलील नामंजूर; नूर मोहम्मद को अग्रिम जमानत से इंकार

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 22 जनवरी। सेक्टर-34 थाना क्षेत्र में दर्ज बीफ से जुड़े मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने आरोपी नूर मोहम्मद को कोई राहत देने से साफ इनकार कर दिया है। अदालत ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि आरोपी की दलीलें प्रथम दृष्टया विश्वसनीय नहीं हैं और कानून से बचने की कोशिश प्रतीत होती हैं। मामले के अनुसार, 19 अगस्त 2025 को पुलिस ने सेक्टर-34 इलाके में एक्टिवा सवार नूर मोहम्मद को जांच के दौरान रोका था। तलाशी में उसके पास से करीब 50 किलो संदिग्ध मांस बरामद हुआ। आरोपी मांस से संबंधित कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज पेश नहीं कर सका, जिसके बाद उसे हिरासत में लिया गया। शुरूआती स्तर पर सैंपल जांच के लिए भेजे गए और बाद में आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया।






लैब रिपोर्ट आने के बाद पुष्टि हुई कि बरामद मांस बीफ था। इसके बाद पुलिस ने केस में धारा 299 जोड़ते हुए पंजाब प्रोविजन अधिनियम और पंजाब प्रोहिबिशन ऑफ काउ स्लॉटर एक्ट की धारा 8 के तहत कार्रवाई की। अधिनियम के तहत नोटिस जारी होने पर आरोपी ने अंतरिम जमानत की मांग की, जिसे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दिया था।

इसके बाद हाईकोर्ट में दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि यह तर्क कि आरोपी को मांस के बीफ होने की जानकारी नहीं थी, अंतिम समय में जिम्मेदारी से बचने का प्रयास लगता है। कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। सरकारी पक्ष और शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ताओं ने दलील दी कि गाय हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति में पूजनीय है और ऐसे मामलों से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। साथ ही आशंका जताई गई कि आरोपी बीफ की अवैध बिक्री से जुड़े किसी संगठित नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है, जिसकी जांच के लिए हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का हवाला देते हुए कहा कि अग्रिम जमानत कोई सामान्य अधिकार नहीं, बल्कि असाधारण परिस्थितियों में दी जाने वाली राहत है। इन्हीं तथ्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी की याचिका खारिज कर दी।

# गौशालाओं की कार्यप्रणाली पर आयुक्त की सख्ती, एमसी ने पशु कल्याण को लेकर बड़े सुधारों के दिए निर्देश






चंडीगढ़, यूटर्न, 22 जनवरी। नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार (आईएएस) ने नगर निगम के अधीन संचालित सभी गौशालाओं की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करते हुए पशु कल्याण और पारदर्शिता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। समीक्षा बैठक में बुनियादी ढांचे से लेकर प्रबंधन तक कई खामियों पर चर्चा की गई और व्यापक सुधारों के निर्देश दिए गए।

आयुक्त ने रायपुरकलां गौशाला के संचालन के लिए प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) आमंत्रित करने के आदेश दिए, ताकि पेशेवर और जवाबदेह प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में गौशालाओं में शेड के फर्श समतल करने, मवेशियों के लिए उचित फीडिंग प्वाइंट विकसित करने, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, बिजली कनेक्शन व आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था और निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने जैसे मुद्दों पर विस्तार से विचार किया गया।

आयुक्त ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (एसडब्ल्यूएम) के कार्यकारी अभियंता को इन्सिनरेटर प्लांट का नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए उसकी पूर्ण कार्यक्षमता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, पशु मृत्यु से जुड़े मामलों का नियमित रिकॉर्ड रखने और आंकड़ों की निरंतर जांच करने को कहा गया, ताकि किसी भी असामान्य वृद्धि पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

पशुओं के पोषण स्तर को लेकर भी कड़ा रुख अपनाते हुए आयुक्त ने सूखे और हरे चारे की मात्रा व गुणवत्ता की जांच के लिए रैंडम सैंपलिंग कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा, सभी गौशालाओं में डाइट चार्ट तुरंत और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने को कहा गया।

स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए संयुक्त आयुक्त को जल्द से जल्द एक पशु चिकित्सक और फार्मासिस्ट की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए। बैठक में स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) और कार्य प्रणाली पर भी चर्चा हुई।

निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को साप्ताहिक निरीक्षण रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नगर निगम का कहना है कि इन कदमों से गौशालाओं में व्यवस्थाएं सुधरेंगी और पशु कल्याण के मानकों को नई मजबूती मिलेगी।

# डेराबस्सी में प्राकृतिक जलस्रोत हो रहे प्रदूषित, प्रशासन बना मूकदर्शक



डेराबस्सी, यूटर्न, 22 जनवरी। डेराबस्सी क्षेत्र पहले ही प्रदूषण की गंभीर मार झेल रहा है। अब शहर के बीचों-बीच गुजरने वाले ढाबीवाला चोए (प्राकृतिक नाले) में लगातार गंदा और दूषित पानी छोड़े जाने से हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। चोए के पानी से तेज दुर्गंध उठती रहती है, जिससे आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। आरोप है कि नगर परिषद की ओर से कई कॉलोनियों का सीवरेज पानी इसी प्राकृतिक जलस्रोत में डाला जा रहा है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी इस गंभीर समस्या पर आंखें मूंदे बैठे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, लंबे समय से ढाबीवाला चोए में सीवरेज का दूषित पानी छोड़ा जा रहा है। यही पानी आगे चलकर किसानों द्वारा खेती के लिए इस्तेमाल किया जाता है। दूषित पानी के कारण खेतों की उपज प्रभावित हो रही है और लोगों की सेहत पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। क्षेत्र में कैंसर, त्वचा रोग और पेट संबंधी बीमारियों के मामले बढ़ने का दावा भी लोग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ है। इस मामले में जब एसडीओ ड्रेनेज रमणजोत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि दूषित पानी को एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) के माध्यम से ट्रीट किया जा रहा है। वहीं नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रवनीत सिंह ने बताया कि कॉलोनियों के सीवरेज कनेक्शन एसटीपी प्लांट से जोड़े गए हैं, जबकि बारिश और स्टॉर्म वाटर को चोए में छोड़ा जाता है। हालांकि स्थानीय लोग इन दावों से संतुष्ट नहीं हैं और उनका कहना है कि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि प्राकृतिक जलस्रोतों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले समय में हालात और भयावह हो सकते हैं।

# नाकाबंदी तोड़ भागी आई20 से 60 बोतल अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

डेराबस्सी, यूटर्न, 22 जनवरी। डेराबस्सी में पंजाब एक्साइज विभाग की नाकाबंदी के दौरान चेकिंग से बचने के लिए सरकारी वाहन को टक्कर मारकर भागी आई20 कार से पुलिस ने 60 बोतल अवैध शराब बरामद की है। कार में सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ पंजाब एक्साइज एक्ट के साथ-साथ सरकारी काम में बाधा डालने और चेकिंग वाहन को नुकसान पहुंचाने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, एक्साइज इंस्पेक्टर कुलविंदर राय ने पुलिस स्टाफ के साथ बरवाला रोड पर बस अड्डा सैदपुरा के पास नाका लगाया हुआ था। इस दौरान सफेद रंग की आई20 कार (नंबर सीएच01 एडी 1348) को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने रुकने की बजाय तेजी से भागने की कोशिश की। भागने के दौरान कार सरकारी बोलेरो वाहन से टकरा गई। पुलिस की मदद से कार में सवार अनुज कुमार (पुत्र मेवा राम) और संजय (पुत्र मोहिंदर), दोनों निवासी हल्लोमाजरा, चंडीगढ़ को मौके पर काबू कर लिया गया।



# पंजाबी सिंगर प्रेम ढिल्लों पर गंभीर आरोप, एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 22 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता वासु रंजन शांडिल्य ने पंजाबी सिंगर प्रेम ढिल्लों के खिलाफ गंभीर आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत चंडीगढ़ पुलिस को दी गई है, जिसमें एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत एफआईआर दर्ज करने, तत्काल गिरफ्तारी, पुलिस सुरक्षा वापस लेने और पूरे मामले की गहन जांच की मांग की गई है। अधिवक्ता वासु रंजन शांडिल्य, जो काउंसिल ऑफ लॉयर्स के चेयरमैन भी हैं, ने बताया कि उन्हें काउंसिल के नेशनल इंचार्ज एडवोकेट करणवीर सिंह लल्ल के माध्यम से एक वीडियो की जानकारी मिली है, जो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से वायरल हो रहा है। वीडियो में कथित तौर पर प्रेम ढिल्लों को रेंज रोवर कार शोरूम के अंदर 200 से 300 ग्राम अफीम जैसा पदार्थ पकड़े हुए देखा जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि यह वीडियो प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध को दर्शाता है और इसकी तुरंत पुष्टि कर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। अधिवक्ता शांडिल्य ने कहा कि देश पहले से ही नशे की गंभीर समस्या से जूझ रहा है और ऐसे में किसी प्रभावशाली सार्वजनिक व्यक्ति द्वारा नशीले पदार्थों का कथित प्रदर्शन युवाओं पर बेहद नकारात्मक असर डाल सकता है।







## शिकायत में उठाए गए गंभीर सवाल

शिकायत में निम्न बिंदुओं पर गहरी चिंता जताई गई है—

- प्रेम ढिल्लों द्वारा अफीम के कथित कब्जे का आरोप
- खुलेआम नशा संस्कृति को बढ़ावा देने की आशंका
- वीडियो में मौजूद अन्य लोगों की भूमिका, जिन्हें सह-आरोपी बनाए जाने की मांग
- नशे की आपूर्ति से जुड़े बड़े नेटवर्क, स्रोत, सप्लायर और फाइनेंशियल ट्रेल की जांच
- पंजाब पुलिस की ओर से दी गई सुरक्षा (यदि उपलब्ध हो) के दुरुपयोग की आशंका
- नशा विरोधी अभियान में जुटी पुलिस की साख और मनोबल पर असर

## पुलिस से ये मांगे

अधिवक्ता ने पुलिस से—

- पुलिस से ये मांगेएनडीपीएस एक्ट और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत एफआईआर
- तत्काल गिरफ्तारी और कस्टोडियल पूछताछ
- वीडियो में मौजूद सभी सहयोगियों की गिरफ्तारी
- पूरे ड्रग सप्लाई चेन का खुलासा करने की मांग की है।
- सुरक्षा कवर की जांच और तत्काल वापसी
- इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, वित्तीय रिकॉर्ड और डिजिटल सबूत जब्त करने

शिकायत में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि 24 घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज नहीं होती, तो मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में उठाया जाएगा। अधिवक्ता ने कहा कि यह शिकायत किसी व्यक्तिगत द्वेष से नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य और जनहित को ध्यान में रखकर की गई है। इस शिकायत की प्रतिलिपि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और केंद्रीय गृह मंत्री को भी भेजी गई है। शिकायत के साथ सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का लिंक और डाउनलोडेड कॉपी भी संलग्न की गई हैं फिलहाल इस पूरे मामले पर पुलिस की आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है।

# सीईटी-2025: हरियाणा पुलिस कांस्टेबल भर्ती में 3 साल की आयु छूट




चंडीगढ़, यूटर्न, 22 जनवरी। सीईटी-2025 के अंतर्गत हरियाणा पुलिस कांस्टेबल भर्ती में अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने बताया कि सरकार ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती में तीन वर्ष की आयु छूट देने पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय विशेष रूप से उन युवाओं के हित में लिया गया है, जो वर्ष 2022 के बाद सीईटी परीक्षा आयोजित न होने के कारण आयु सीमा से बाहर हो रहे थे। अब वर्ष 2025 में सीईटी दोबारा होने से योग्य अभ्यर्थियों को समान अवसर मिलेगा। आयोग को सरकार के फैसले से अवगत करा दिया गया है और नियमानुसार प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# नायब तहसीलदार पर लोगों से बदसलूकी व काम न करने के गंभीर आरोप, आज तहसील परिसर में धरने का ऐलान



डेराबस्सी, यूटर्न, 22 जनवरी। भारतीय किसान यूनियन (उग्राहां) के ब्लॉक प्रधान लखविंदर सिंह हैप्पी ने डेराबस्सी के नायब तहसीलदार हरसिमरन सिंह पर आम लोगों और किसानों के साथ बदसलूकी करने तथा जायज कार्य न करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालयों में किसान और आम नागरिक अपने कामों के लिए लगातार चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन नायब तहसीलदार द्वारा जानबूझकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। लखविंदर सिंह हैप्पी ने आरोप लगाया कि तहसील में काम करवाने आने वाले लोगों को बार-बार 'पांच मिनट बाद आओ' या 'दस मिनट बाद आओ' कहकर टाल दिया जाता है। कई बार घंटों तक बैठाकर रखा जाता है और अंत में कागजात में खामियां बताकर वापस भेज दिया जाता है। उन्होंने दावा किया कि कथित तौर पर रिश्वत पहुंचने पर काम तुरंत हो जाता है, जबकि बिना रिश्वत के वही दस्तावेज अधूरे बताए जाते हैं। किसान नेता ने कहा कि तहसील में पूरा दिन आम लोग परेशान होते रहते हैं। यदि कोई व्यक्ति उच्च अधिकारियों के पास शिकायत भी करता है तो उसकी कोई सुनवाई नहीं होती। उन्होंने कहा कि आम आदमी की सरकार में आम आदमी का ही सरकारी दफ्तरों में अपमान हो रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था गरीब किसानों के साथ सरासर नाइंसाफी है, जो पहले से ही कर्ज और महंगाई की मार झेल रहे हैं। लखविंदर सिंह हैप्पी ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने समय रहते इस मामले में हस्तक्षेप नहीं किया तो यूनियन संघर्ष को और तेज करेगी। उन्होंने ऐलान किया कि यूनियन की ओर से आज सुबह 11 बजे डेराबस्सी तहसील परिसर में धरना दिया जाएगा। वहीं, इस मामले में नायब तहसीलदार हरसिमरन सिंह ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि किसी का भी जायज काम नहीं रोका जा रहा है और नाजायज मांगों को पूरा न करने पर ही इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं।



# पुतिन ने यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए फ्रीज की रूसी संपत्तियों का इस्तेमाल करने की इच्छा जताई

चंडीगढ़/यूटर्न/22 जनवरी। अमेरिका के साथ उच्च-स्तरीय बातचीत से पहले एक महत्वपूर्ण और अप्रत्याशित राजनयिक संकेत में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने युद्धग्रस्त यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए फ्रीज की गई रूसी संपत्तियों के इस्तेमाल की अनुमति देने की अपनी तत्परता का संकेत दिया है, बशर्ते दोनों देशों के बीच एक व्यापक शांति समझौता हो जाए। बुधवार रात को रूस की सुरक्षा परिषद की एक टेलीविजन बैठक के दौरान बोलते हुए पुतिन ने कहा कि मॉस्को अमेरिका और सहयोगी देशों के अधिकार क्षेत्र में रखे गए फ्रीज किए गए रूसी फंड के इस्तेमाल के बारे में वाशिंगटन के साथ बातचीत के लिए तैयार है। 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद जब्त की गई ये संपत्तियां लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में एक विवादास्पद मुद्दा रही हैं। पुतिन ने कहा कि संयोग से, अमेरिका में हमारी फ्रीज की गई संपत्तियों से बचा हुआ फंड रूस और यूक्रेन के बीच शांति संधि होने के बाद लड़ाई से क्षतिग्रस्त क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। हम अमेरिकी प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ भी इस संभावना पर चर्चा कर रहे हैं।



## मॉस्को ट्रम्प 1 बिलियन डॉलर देने को तैयार

एक और उल्लेखनीय घोषणा में, रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि मॉस्को ट्रम्प द्वारा प्रचारित बोर्ड ऑफ पीस के लिए फ्रीज की गई संपत्तियों से 1 बिलियन डॉलर का योगदान देने के लिए तैयार है, जो एक नया प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय निकाय है जिसे गाजा युद्धविराम योजना के कार्यान्वयन की देखरेख का काम सौंपा गया है। यह घोषणा कई वैश्विक संघर्ष क्षेत्रों में रचनात्मक रूप से शामिल होने की मॉस्को की इच्छा को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रतीत होती है।

## प्रमुख मुद्दा बनी संपत्तियां

- चचाओं से परिचित अधिकारियों के अनुसार, बातचीत में युद्धविराम के तरीकों, यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी, विवादित क्षेत्रों की स्थिति और युद्ध के बाद पुनर्निर्माण तंत्र पर ध्यान केंद्रित होने की उम्मीद है। फ्रीज की गई रूसी संप्रभु संपत्तियों का सवाल – जिसका अनुमान विश्व स्तर पर सैकड़ों अरबों डॉलर में है, बातचीत के केंद्र में रहने की उम्मीद है।

## एक रणनीतिक बदलाव, कोई रियायत नहीं

- राष्ट्रपति पुतिन का बयान फ्रीज की गई संपत्तियों पर रूस की लंबे समय से चली आ रही स्थिति का आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि एक सामरिक पुनर्समायोजन है। मॉस्को ने लगातार अपने फंड की जब्ती को ₹चोरी₹ और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है। शांति समझौते के बाद ही यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए उनके इस्तेमाल का प्रस्ताव देकर, क्रेमलिन इन संपत्तियों को कैसे इस्तेमाल किया जाएगा, इस पर राजनीतिक नियंत्रण फिर से हासिल करने की कोशिश कर रहा है।

## राजनयिक गतिरोध तोड़ना

जमी हुई रूसी संपत्तियों का भविष्य शांति वार्ता में एक बड़ी बाधा रहा है। पुतिन का प्रस्ताव एक सम्मानजनक समझौता पेश करता है : रूस एकतरफा रूप से संपत्तियों को खोता नहीं है, बल्कि एक बातचीत के ढांचे के भीतर उनके उपयोग की अनुमति देता है। संपत्ति के उपयोग को शांति संधि से जोड़कर, रूस युद्ध के बाद के यूक्रेन पर अपना प्रभाव बनाए रखता है और संकेत देता है कि वह पुनर्निर्माण कैसे होगा – राजनीतिक और आर्थिक रूप से – इसमें अपनी बात रखना चाहता है।

## ट्रम्प सिद्धांत का सहारा लेना

ट्रम्प समर्थित बोर्ड ऑफ पीस और गाजा युद्धविराम का संदर्भ बताता है कि मॉस्को अपने संदेश को राष्ट्रपति ट्रम्प की लेन-देन और सौदे-उन्मुख विदेश नीति दृष्टिकोण के साथ संरेखित कर रहा है, जो नैतिक दिखावे के बजाय ठोस परिणामों पर जोर देता है। कोई भी समझौता जो जमी हुई संपत्तियों को बातचीत के तंत्र के माध्यम से आगे बढ़ाता है, वह पश्चिमी सहयोगियों के बीच विभाजन को उजागर कर सकता है, जिनमें से कुछ रूसी सहमति के बिना यूक्रेन को फंड देने के लिए सीधे जब्ती के पक्ष में हैं।

# जम्मू-कश्मीर के डोडा में गाड़ी खाई में गिरने से 10 सेना के जवान शहीद, 10 जख्मी



चंडीगढ़/यूटर्न/22 जनवरी। गुरुवार को जम्मू और कश्मीर के डोडा में एक सड़क हादसे में दस सेना के जवान शहीद हो गए और दस अन्य घायल हो गए, जब उनका वाहन सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि बुलेटप्रूफ सेना का वाहन, एक कैस्पर, एक ऑपरेशन के लिए जा रहा था, तभी वह खन्नी टॉप पर भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय सड़क से उतरकर खाई में गिर गया। जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, डोडा में एक दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना में हमारे 10 बहादुर भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से बहुत दुख हुआ। हम अपने बहादुर सैनिकों की उत्कृष्ट सेवा और सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। उन्होंने आगे कहा, इस गहरे दुख की घड़ी में, पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है। 10 घायल सैनिकों को एयरलिफ्ट करके अस्पताल पहुंचाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम संभव इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## सेना के व्हाइट नाइट कोर ने की पुष्टि

सेना के व्हाइट नाइट कोर ने भी पुष्टि की है कि कई लोग हताहत हुए हैं। कोर ने एक्स पर पोस्ट किया, एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, डोडा के सामान्य इलाके में खराब मौसम में खतरनाक इलाके से गुजरते समय, ऑपरेशन के लिए सैनिकों को ले जा रहा एक सेना का वाहन सड़क से फिसल गया। इसमें कई लोग हताहत हुए हैं, जिनमें कुछ की मौत भी हुई है। घायलों को आगे के इलाज के लिए निकाल लिया गया है।

# शिमला से चंडीगढ़ और कुल्लू के लिए हेली टैक्सी सर्विस शुरू, किराया टैक्सी सर्विस के बराबर

चंडीगढ़/यूटर्न/22 जनवरी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के संजौली हेलीपोर्ट से हेलीकॉप्टर सेवाओं का उद्घाटन किया, जो हिमाचल प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी को मजबूत करने और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संजौली हेलीपोर्ट से कुल्लू के भुंतर एयरपोर्ट और किन्नौर के रेकोंग पेओ में आईटीबीपी हेलीपैड के लिए रोजाना हेलीकॉप्टर उड़ानें शुरू हो गई हैं। इसके अलावा, चंडीगढ़ और संजौली हेलीपोर्ट के बीच हेलीकॉप्टर सेवाएं हफ्ते में तीन दिन सोमवार, शुक्रवार और शनिवार को चलेंगी। संजौली-कुल्लू रूट पर किराया 3,500 रुपये प्रति व्यक्ति, संजौली-रेकोंग पेओ रूट के लिए 4,000 रुपये और संजौली से चंडीगढ़ के लिए 3,169 रुपये तय किया गया है।




## चार हेलीपोर्ट का निर्माण जारी

सीएम ने कहा कि हर ज़िला मुख्यालय के साथ-साथ अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी हेलीपोर्ट बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमीरपुर के जस्कॉट, कांगड़ा के रक्कर और पालमपुर और चंबा में चार हेलीपोर्ट का निर्माण कार्य मार्च-अप्रैल 2026 तक पूरा हो जाएगा, जिसमें हर हेलीपोर्ट पर 15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन आर.एस. बाली, विधायक नीरज नैयर और मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान मौजूद थे।

## संजौली-मनाली रूट पर हेलीकॉप्टर सेवाएं जल्द शुरू

मुख्यमंत्री ने कहा कि संजौली-रामपुर-रेकोंग पेओ और संजौली-मनाली (एसएएसई हेलीपैड) रूट पर भी हेलीकॉप्टर सेवाएं जल्द ही शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा, इन रूटों के लिए प्रस्ताव पहले ही डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपीएस) की मंजूरी के लिए भेज दिए गए हैं। सुक्खू ने कहा कि संजौली से लंबे समय से प्रतीक्षित उड़ानों के शुरू होने से पर्यटकों के साथ-साथ आम जनता को भी तेज, सुरक्षित और ज्यादा सुविधाजनक कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि यहां इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज के पास हेलीपोर्ट होने से मेडिकल इमरजेंसी के दौरान यह बहुत उपयोगी होगा।

# 18 साल में उजड़ गई सरकारी लाइब्रेरी, पढ़ाई की जगह बना नशेड़ियों का अड्डा

जीरकपुर/यूटर्न/22 जनवरी। जीरकपुर के बलटाना क्षेत्र स्थित सैनी विहार फेस-3 में वर्ष 2008 में बड़े उत्साह के साथ शुरू की गई सरकारी लाइब्रेरी आज बदहाली की मिसाल बन चुकी है। अकाली दल के तत्कालीन विधायक एन.के. शर्मा और उस समय के पार्षद हवा सिंह अत्री द्वारा इस लाइब्रेरी का उद्घाटन कर नींव पत्थर रखा गया था। इसे क्षेत्र के बच्चों








और युवाओं की पढ़ाई के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात बताया गया था, लेकिन समय के साथ यह लाइब्रेरी अपने मूल उद्देश्य से पूरी तरह भटक गई। स्थानीय लोगों के अनुसार उद्घाटन के बाद लाइब्रेरी में रखे गए टेबल, कुर्सियां, बेंच और अन्य सामान धीरे-धीरे गायब हो गए। आरोप है कि शुरूआती दौर में ही लाइब्रेरी का फर्नीचर उठा लिया गया, जिसके चलते यहां कभी नियमित रूप से पढ़ाई की व्यवस्था ही नहीं बन पाई।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372